

04

स्पेसएक्स बच्चों के ट्रम्प एकाउंट में देगी एक-एक शेयर


इंदौर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित

# मृदुभाषी

सच्ची ख़बरें, सलीके के साथ


04

चेहरे पर तिल लहसन तय करते आर्थिक स्थिति




youtube.com/mradubhashi x.com/mradubhashi1 facebook.com/mradubhashi

इंदौर, शुक्रवार, 27 नवम्बर 2026 नगर संस्करण, वर्ष: 07, अंक: 69, पृष्ठ: 08, मूल्य: 5:00 रूपए


### 30 नवंबर को लोकसभा और 2 दिसंबर को राज्यसभा की बैठक, महिला आरक्षण-परिसीमन बिल पर सरकार की नजर

# संसद में फिर सियासी घमासान के आसार!

मृदुभाषी। नई दिल्ली

संसद में एक बार फिर सियासी हलचल तेज होने जा रही है। केंद्र सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा की बैठक दोबारा बुलाने की तैयारी कर ली है। लोकसभा की बैठक 30 नवंबर और राज्यसभा की बैठक 2 दिसंबर 2026 को होगी।

दोनों सदनों का कामकाज 3 दिसंबर तक समाप्त होने की संभावना है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी है। इन बैठकों को महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े संशोधन विधेयक की संभावनाओं से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, सरकार ने अभी तक इस विधेयक को सदन में पेश करने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

#### आज कैबिनेट में मंथन करेगी सरकार, कांग्रेस की भी बैठक



#### सरकार को चाहिए अतिरिक्त समर्थन

परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए सरकार को विशेष बहुमत की जरूरत होगी। उपलब्ध राजनीतिक आकलन के मुताबिक, लोकसभा में एनडीए को करीब 41 और राज्यसभा में 11 सांसदों के अतिरिक्त समर्थन की जरूरत पड़ सकती है। गौरतलब है कि अप्रैल 2026 में महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े प्रस्ताव लोकसभा में पारित नहीं हो सके थे। विपक्ष ने परिसीमन के फॉर्मूले पर सवाल उठाते हुए दक्षिणी राज्यों के प्रतिनिधित्व को लेकर चिंता जताई थी।

#### आज कैबिनेट बैठक में तय होगी रणनीति



संसद की बैठकों से पहले शुक्रवार, 27 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय मंत्रिमंडल के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इसमें आगामी संसदीय कार्यवाही और विधायी एजेंडे पर चर्चा होने की संभावना है।

#### कांग्रेस ने भी बुलाई अहम बैठक

सरकार की तैयारियों के बीच कांग्रेस ने भी अपनी रणनीति बनाने के लिए कमर कस ली है। कांग्रेस संसदीय रणनीति समूह की बैठक शुक्रवार शाम 4:30 बजे नई दिल्ली में होगी। इसमें आगामी संसद बैठकों के दौरान सरकार को घेरने के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

#### 103 दिन बाद फिर सुनाई देगी देश की संसद में हलचल

संसद का मानसून सत्र 13 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुआ था, लेकिन उसका औपचारिक सत्रावसान नहीं हुआ। अब 103 दिन बाद दोनों सदनों की बैठक दोबारा बुलाने की पहल ने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। अब सबकी नजर शुक्रवार की कैबिनेट बैठक और 30 नवंबर से शुरू होने वाली संसदीय कार्यवाही पर है। महिला आरक्षण और परिसीमन का मुद्दा सदन में आया तो सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच एक बार फिर जोरदार राजनीतिक टकराव देखने को मिल सकता है।

### सपा का 'सत्ताइस का संकल्प' जारी

# 25 लाख नौकरियां, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, तत्काल कर्जमाफी

मृदुभाषी। भोपाल

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले समाजवादी पार्टी ने संविधान दिवस यानी 26 नवंबर को अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा जारी इस दस्तावेज को 'सत्ताइस का संकल्प : PDA का प्रणपत्र' और 'जन-मन का मैनिफेस्टो 2027' नाम दिया गया है। 2022 के 'समाजवादी वचन पत्र' के मुकाबले इस बार पार्टी ने वादों का दायरा और बजट लक्ष्य दोनों काफी बढ़ा दिए हैं।

#### किसान और मुफ्त बिजली

कृषि क्षेत्र में सभी 23 फसलों और दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की कानूनी गारंटी, आलू-टमाटर-प्याज के लिए मूल्य क्षतिपूर्ति व्यवस्था और किसानों की तत्काल कर्जमाफी की घोषणा की गई है। गन्ना भुगतान के लिए कॉर्पस फंड 10 हजार करोड़ से बढ़ाकर 15 हजार करोड़ रुपये करने और भुगतान की समयसीमा 15 दिन से घटाकर 24 घंटे करने का वादा है। ग्रामीण बुनियादी ढांचे के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान और ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की बात कही गई है। अब भाजपा के घोषणा पत्र का इंतजार है।



#### युवा और शिक्षा पर बड़ा दांव

2022 में जहां 10 लाख सरकारी और एक करोड़ निजी नौकरियों की बात थी, वहीं 2027 के प्रणपत्र में पांच साल में 25 लाख सरकारी नौकरियां और दो से तीन करोड़ गैर-सरकारी रोजगार देने का वादा किया गया है। नौकरी मिलने तक प्रत्येक ग्रेजुएट को पांच हजार रुपये मासिक भत्ता, हर साल पांच लाख युवाओं को प्रशिक्षण तथा सालाना 20 लाख युवाओं के कौशल विकास का लक्ष्य रखा गया है। शिक्षा के क्षेत्र में 12वीं पास छात्र-छात्राओं को लैपटॉप, बंद हुए 26 हजार प्राथमिक विद्यालयों को दोबारा खोलने, जीएसडीपी का छह प्रतिशत शिक्षा पर खर्च करने और शिक्षा मित्रों का मानदेय पांच हजार रुपये प्रतिमाह बढ़ाकर उन्हें नियमित करने का संकल्प लिया गया है।

#### सामाजिक न्याय, महिला और स्वास्थ्य

पार्टी ने जातिगत जनगणना कराने, निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षित वर्गों के विद्यार्थियों की फीस सरकार द्वारा भरने और बुजुर्ग महिला कारीगरों को 40 हजार रुपये सालाना पेंशन देने का वादा किया है। स्वास्थ्य के मोर्चे पर बीपीएल परिवारों को 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, सभी 18 मंडलों में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल तथा जिला अस्पतालों को आईसीयू और वेंटिलेटर से लैस करने की घोषणा की गई है। महिला सशक्तीकरण पर अलग विस्तृत घोषणा पत्र जल्द जारी किया जाएगा।

#### असीम अरुण का हमला- सपा-कांग्रेस ने माफिया को सांसद-विधायक बनाया

**लखनऊ** में मंत्री असीम अरुण ने सपा के घोषणा पत्र पर कहा कि सपा-कांग्रेस का कानून-व्यवस्था और माफिया पर बोलना हास्यास्पद है। आरोप लगाया कि सत्ता में रहते हुए दोनों दलों ने माफिया को पार्टी में शामिल कर सांसद-विधायक बनाया और यूपी को बीमारू राज्य बना दिया था। आजम खान के बयानों पर असीम अरुण ने कहा कि उनके खिलाफ CBI, पुलिस और ED की कार्रवाई सबूतों और कोर्ट के आदेश के आधार पर हुई है। यह कार्रवाई जारी रहेगी। लखनऊ में सपा के PDA संकल्प-पत्र पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह ने निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए PDA को 'परिवार डेवलपमेंट एजेंसी' बताया। कहा कि घोषणा-पत्र में समाज के किसी वर्ग के लिए कुछ नहीं है। सपा ने राम मनोहर लोहिया का नाम लेकर अपनी पूरी पार्टी एक परिवार के हवाले कर दी है।

### योग्यता होने भर से बिना मंजूरी वाले पद पर नियुक्ति का अधिकार नहीं: SC



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कोई भी कर्मचारी केवल योग्य होने के आधार पर बिना स्वीकृति वाले पद पर नियुक्ति या स्थायी समायोजन का दावा नहीं कर सकता। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की पीठ ने एक लेक्चरर की अपील खारिज करते हुए कहा कि जिस पद पर स्थायी नियुक्ति या समायोजन मांगा जा रहा है, उसका अस्तित्व और मंजूरी होना आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के निर्णय को बरकरार रखा, जिसने सिंगल जज के उस आदेश को रद्द किया था, जिसमें नीलांबर-पीतांबर यूनिवर्सिटी को अपीलकर्ता के स्थायी समायोजन पर 5 दिसंबर 1987 से विचार करने को कहा गया था।

### राहुल पर अमित शाह का तीखा वार

# जेब में संविधान रखने से सम्मान नहीं होता, 'नाच न आवे और आंगन टेढ़ा'

मृदुभाषी। नई दिल्ली



गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को संविधान गौरव दिवस के कार्यक्रम में राहुल गांधी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रति जेब में रखना या उसे लहराना उसका सम्मान करना नहीं है, बल्कि संविधान के आदर्शों के अनुसार जीवन जीना असली सम्मान है। शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं, चुनाव आयोग और मतदाता सूची पर सवाल उठाते हैं तथा विदेशों में जाकर भारत की छवि खराब करते हैं।

लगातार चुनावी हार पर तंज कसते हुए शाह ने 'नाच न आवे आंगन टेढ़ा' कहावत का जिक्र किया और कहा कि संसद के बजाय सड़कों पर बहस की बात करने वाले नेता हर तीसरे महीने विदेश छुट्टियां मनाने चले जाते हैं। उन्होंने 18 महीने के आपातकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौरान मौलिक अधिकार सीमित किए गए, अखबारों पर पाबंदियां लगीं और विपक्षी नेताओं को जेल में डाला गया। अमित शाह ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने 1951 में संविधान के पहले संशोधन के जरिए अनुच्छेद 19 में बदलाव कर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध लगाए थे। उनके अनुसार, जो लोग आज संविधान को लेकर दिखावा कर रहे हैं, उनके इतिहास में ही संवैधानिक अधिकारों पर अंकुश लगाने के उदाहरण दर्ज हैं। शाह ने दावा किया कि भाजपा सरकार के संविधान संशोधनों और फैसलों से सामाजिक न्याय, महिला सशक्तीकरण और आर्थिक सुधारों को मजबूती मिली है। वस्तु एवं सेवा कर (GST), राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) को 10 प्रतिशत आरक्षण देने जैसे कदम उठाए।

### आशा कर्मी सरकार को ब्लैकमेल नहीं कर सकतीं, काम पर लौटें: शिवकुमार

**बेंगलुरु/मैसूरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा है कि प्रदर्शन कर रहीं आशा कर्मी सरकार को ब्लैकमेल नहीं कर सकतीं। उन्होंने बेंगलुरु और मैसूरु में आशा कर्मियों से अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त कर ड्यूटी पर लौटने की अपील करते हुए कहा कि सरकार उनकी मांगों का समाधान निकालने का रास्ता खोजेगी।

आशा कर्मी पिछले 9 दिन से बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में 15 हजार रुपये मासिक मानदेय की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। इस पर डीके शिवकुमार ने कहा कि उनकी नियुक्ति केंद्र सरकार ने की है, इसलिए उन्हें अपनी मांगें केंद्र के समक्ष भी रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे ड्यूटी पर लौटें और सरकार उन्हें बुलाकर बातचीत करेगी। आशा कर्मियों द्वारा जल्द हल का लिखित आश्वासन मांगे जाने पर शिवकुमार ने कहा कि जिन्हें भरोसा नहीं है, उनके लिए वे कुछ नहीं कर सकते। उन्होंने सवाल किया कि वे लिखित भरोसा किसे दें और किसके साथ समझौता करें, क्योंकि ऐसे कदम पूरे राज्य में चलन बन सकते हैं।

### बोले- 22 भाषाओं में संविधान आमजन के करीब

# ओबीसी आरक्षण, नारी शक्ति बिल और अनुच्छेद 356 पर मोदी का वार

मृदुभाषी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस के अवसर पर ब्लॉग लिखकर कांग्रेस और विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने लिखा कि विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी ओबीसी आरक्षण में कटौती करके मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है, जिसके संविधान निर्माता खासकर भीमराव आंबेडकर पूरी तरह खिलाफ थे। नारी शक्ति वंदन बिल का जिक्र करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि एक प्रमुख विपक्षी दल ने महिला आरक्षण विधेयक को पारित नहीं होने दिया, जिससे संवैधानिक मूल्यों के प्रति उसकी सोच सामने आती है। उन्होंने कहा कि नारीशक्ति को न्याय दिलाने के संकल्प को कोई ताकत नहीं रोक सकती।

प्रधानमंत्री ने नक्सलवाद का मुद्दा उठाते हुए कहा कि दशकों तक आदिवासी व अन्य क्षेत्रों में नक्सलियों ने बंदूक के बल पर गरीबों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखा और इस साल नक्सलवाद के खात्मे से उन्हें विशेष संतोष मिला है। मोदी ने 1951 के पहले संविधान संशोधन और आपातकाल के 42वें संशोधन का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे मौलिक स्वतंत्रता, न्यायिक समीक्षा और संस्थाओं के शक्ति संतुलन पर असर पड़ा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनी हुई राज्य सरकारों को हटाने के लिए अनुच्छेद 356 के करीब 100 बार इस्तेमाल का रिकॉर्ड एक ही राजनीतिक दल के नाम है। प्रधानमंत्री ने बताया कि 1950 के बाद पहली बार संविधान का अपडेटेड संस्करण आठवीं अनुसूची की सभी 22 भाषाओं में जारी किया गया है, जिससे यह आम लोगों के और करीब पहुंचा है। साथ ही उन्होंने भारतीय न्याय संहिता का जिक्र करते हुए कहा कि औपनिवेशिक दंड व्यवस्था से आगे बढ़कर नई न्याय प्रणाली में दंड के बजाय नागरिक और न्याय को प्राथमिकता दी गई है।

### तिरुपति मंदिर में 121 किलो सोने के आभूषण दिए दान



मृदुभाषी। नई दिल्ली

तिरुपति मंदिर में चेन्नई के भक्त वर्धमान जैन और राधिका जैन ने गुरुवार को 121 किलो सोने के आभूषण दान किए हैं, जिनकी कीमत करीब 208 करोड़ रुपये बताई गई है। यह दान मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की मौजूदगी में दिया गया। चढ़ावे में 9 सेट में रखे 45 जेवर और 238.2 कैरेट के हीरे शामिल हैं, जिनमें भगवान वेंकटेश का मुकुट और पैरों के आभूषण भी दिए गए हैं। टीटीडी के अनुसार, तिरुमला में भगवान वेंकटेश्वर को किसी एक भक्त की ओर से दिया गया यह अब तक का सबसे बड़ा चढ़ावा है।

### इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी

# दो साल में 55 मेडीकल कॉलेज होंगे तैयार

मृदुभाषी। भोपाल



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि अगले दो साल में प्रदेश में 55 चिकित्सा महाविद्यालय बनकर तैयार हो जाएंगे। चिकित्सा सुविधाओं के इस विस्तार से अब लोगों को बेहतर इलाज के लिए राज्य के बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली जुड़े मोहन यादव जिला प्रशासन शाजापुर और पूर्णिमाश्री सेवा संगठन उज्जैन द्वारा राष्ट्रसेवी स्व. शालिगराम तोमर की पुण्यतिथि पर शाजापुर जिले की पोलायकलां तहसील में आयोजित निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। पोलायकलां में आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार विशेष रूप से मौजूद रहे। मोहन यादव ने कहा कि पोलायकलां में लगा निःशुल्क हृदय जांच शिविर स्थानीय स्तर पर अच्छी पहल है। ऐसी जांचों से लोग अपनी सेहत व बीमारियों की स्थिति जान सकेंगे और समय पर सावधानी व उपचार कर पाएंगे। उन्होंने स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि आयुष्मान योजना से आम लोगों को बड़ा लाभ मिला है। गंभीर मरीजों के समय पर इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस सेवा और सड़क दुर्घटना के घायलों की मदद के लिए राहवीर योजना चलाई जा रही है, वहीं हर जिले में मानव गरिमा के तहत शव वाहन भी दिए गए हैं। राष्ट्रसेवी स्व. शालिगराम तोमर को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने गौशाला से लेकर ग्राम विकास के कई काम शुरू किए और आपातकाल के कठिन दौर में भी लोगों को संबल दिया। उनके विचारों व कार्यों को आगे बढ़ाना हम सबका दायित्व है। मोहन यादव ने बताया कि किसान कल्याण वर्ष में किसान हितैषी निर्णय लिए गए हैं, रोड नेटवर्क बढ़ रहा है, लाड़ली बहना योजना जारी है और सांदीपनि विद्यालयों व चिकित्सा महाविद्यालयों का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में स्वयंसेवी संस्थाओं से सहयोग की अपील की।

### दीपके व रांका के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी



**मुंबई/नई दिल्ली।** मुंबई पुलिस ने गुरुवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके और सह-संयोजक आशुतोष रांका के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है। इन दोनों नेताओं पर गांधी जयंती के दिन मुंबई के शिवाजी पार्क में बिना अनुमति रैली आयोजित करने के मामले में भी केस दर्ज किया गया था। इससे पहले सीजेपी नेता सौरव दास के खिलाफ भी लुकआउट सर्कुलर जारी किया जा चुका है, जिसकी जानकारी केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट को दी। सर्कुलर जारी होने के कारण सौरव दास अब विदेश यात्रा नहीं कर सकेंगे। सरकार के अनुसार, उनके पासपोर्ट में पिता के नाम का कॉलम खाली है और जन्मस्थान, पढ़ाई व पते से जुड़े विवरणों में भी विसंगतियां पाई गई हैं, जिनका असर उनकी नागरिकता पर भी पड़ सकता है।

### भागीरथपुरा पेयजल कांडः प्रशासन के दोहरे मापदंड पर सवाल

# अधिकारियों पर मेहरबानी और निचले कर्मचारियों पर कार्रवाई

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**इंदौर।** शहर के भागीरथपुरा में हुए बहुचर्चित दूषित पेयजल कांड में जिम्मेदार माने गए वरिष्ठ अधिकारियों की बहाली और उन्हें दी गई नई पदस्थापनाओं ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) ने इस घटना के बाद निलंबित किए गए तत्कालीन कार्यपालन यंत्री संजीव कुमार श्रीवास्तव को विभागीय जांच लंबित रहने के बावजूद बहाल कर दिया है। बहाली के बाद उन्हें भोपाल स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय में पदस्थ किया गया है।

**दो अधिकारियों को पहले दी जा चुकीं है अहम जिम्मेदारियां**

इससे पहले भी राज्य शासन तत्कालीन अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया का निलंबन समाप्त कर उन्हें रायसेन कलेक्टर तथा तत्कालीन निगमायुक्त दिलीप यादव को सागर कलेक्टर जैसी अहम जिम्मेदारियां सौंप चुका है। एक तरफ जहां शीर्ष अधिकारियों को राहत देकर प्रमुख पदों पर बिठाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नगर निगम के निचले स्तर के कर्मचारी आज भी इस मामले में दंड झेल रहे हैं। जोनल अधिकारी शालिग्राम सितोले और उपयंत्री गिरीश जोशी अब तक निलंबित चल रहे हैं, जबकि सहायक यंत्री शुभम श्रीवास्तव की सेवाएं समाप्त की जा चुकी हैं। सूत्रों के मुताबिक, इनमें से कई कर्मचारियों की तैनाती हादसे से महज तीन-चार महीने पहले ही हुई थी और उन पर कार्रवाई करने से पहले उनका पक्ष तक नहीं सुना गया।

**एक सदस्यीय आयोग ने की थी पूरे मामले की जांच**

दिसंबर में हुई इस भीषण त्रासदी के बाद हाईकोर्ट के निर्देश पर न्यायाधीश सुशील कुमार गुप्ता के एक सदस्यीय आयोग ने पूरे मामले की जांच की थी। आयोग द्वारा सौंपी गई 600 पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट में 36 में से 24 मौतों की मुख्य वजह दूषित पानी को माना गया था। इस जांच रिपोर्ट में पाइपलाइन बदलने में देरी के लिए संजीव श्रीवास्तव और पर्यवेक्षण तथा टेंडर प्रक्रिया में लापरवाही बरतने के लिए रोहित सिसोनिया की कार्यप्रणाली पर गंभीर टिप्पणियां की गई थीं ऐसे में अब प्रशासनिक और सामाजिक हलकों में यह बहस तेज हो गई है कि जब न्यायिक आयोग की जांच में सीधे तौर पर शीर्ष अधिकारियों की चूक और लापरवाही उजागर हुई थी, तो उन्हें बचाकर प्रमुख पदों से नवाजने और केवल निचले स्तर के स्टाफ पर गाज गिराने का दोहरा मापदंड आखिर क्यों अपनाया जा रहा है।

## कमरे से मिला बुजुर्ग महिला का शव



**इंदौर।** शहर के तिलक नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक किराए के मकान से बुजुर्ग महिला का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान चंद्रकांता सांड के रूप में हुई है, जो मंगल भवन के पास दिनेश चौरसिया के मकान में अकेली किराए से रहती थीं। महिला बुधवार दोपहर से बाहर दिखाई नहीं दी थीं, जिसके बाद संदेह होने पर दरवाजा कटवाकर देखा गया तो वह बिस्तर पर मृत अवस्था में मिलीं। मकान मालिक दिनेश चौरसिया के अनुसार, महिला की दिनचर्या नियमित थी। वह प्रतिदिन मंदिर जाती थीं और घर के बाहर रखे गमलों में पानी देती थीं। लेकिन बुधवार से न तो वह बाहर निकलीं और न ही कमरे का दरवाजा खोला। पत्नी के कहने पर मकान मालिक ने कई बार आवाज लगाई, परंतु भीतर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

किसी अनहोनी की आशंका पर तुरंत तिलक नगर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में वेल्डर को बुलाकर लोहे का दरवाजा कटवाया गया और अंदर की कुंडी खोली गई, जहां महिला बिस्तर पर मृत पड़ी मिलीं। पुलिस ने बताया कि महिला के पति का पहले ही निधन हो चुका है और उनकी बेटी कभी-कभी उनसे मिलने आती थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि हार्ट अटैक या किसी बीमारी के कारण महिला की मौत हुई होगी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# एमवायएच में एआई से फर्जी रसीदें बनाकर मरीजों से वसूली का खुलासा




मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमवायएच में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से कथित तौर पर नकली रसीदें बनाकर मरीजों से पैसा ऐंठने के मामले में संबंधित आउटसोर्स कर्मचारी को सेवा से हटा दिया गया है। जानकारी के अनुसार, दीपावली की छुट्टियों के दौरान अस्पताल के सीटी स्कैन और एमआरआई विभाग में आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा एआई के माध्यम से फर्जी रसीदें तैयार कर मरीजों को थमाई जा रही थीं और उनसे नकद राशि वसूली जा रही थी।

**आउटसोर्स कर्मचारी को हटाया**

यह पूरा मामला रेडियोलॉजी विभाग के एक रेजिडेंट डॉक्टर की सतर्कता के चलते सामने आया। गड़बड़ी की आशंका के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। जांच समिति ने पूरे प्रकरण की पड़ताल के बाद फर्जी रसीदों के जरिए मरीजों से अवैध वसूली किए जाने की पुष्टि की। समिति की पुष्टि के आधार पर प्रबंधन ने कार्रवाई करते हुए आरोपी आउटसोर्स कर्मचारी को तत्काल हटा दिया।सूत्रों के मुताबिक, सीटी स्कैन और एमआरआई विभाग में बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं। आरोपी कर्मचारी ने इतनी बारीकी से एआई का इस्तेमाल किया कि उसने हूबहू असली रसीद जैसी दिखने वाली नकली रसीद तैयार कर ली। प्रारंभिक जांच में कुछ फर्जी रसीदें भी बरामद हुई हैं। मामले के सामने आने के बाद इस बात की भी आशंका जताई जा रही है कि इस तरह की फजीवाड़े से मरीजों से लंबे समय से अवैध वसूली की जा रही हो, जिसकी अन्य पहलुओं से भी पड़ताल की जा रही है।

## पत्नी से अवैध संबंध के शक में दोस्त की हत्या कर जलाया शव

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर ।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में युवक की हत्या कर शव जलाने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी दोस्त अजय कपाड़िया को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, अजय ने पत्नी के साथ अवैध संबंध होने के शक में अपने दोस्त विनय उर्फ विनायक सोलंकी की हत्या की और पहचान मिटाने के लिए शव को जला दिया।

अजय ने बताया कि दीपावली के दूसरे दिन उसने विनय को अपनी पत्नी के साथ देखा था, जिससे नाराज होकर उसने बदला लेने की साजिश रची। उसने जैकेट दिलाने के बहाने विनय को बुलाया और उसकी हत्या कर शव जला दिया। पुलिस के मुताबिक, अजय को विनय के साथ ननकू पर भी शक था। उसकी योजना दोनों को नशा कराकर मारने की थी, ताकि हत्या का आरोप एक-दूसरे पर आ जाए। हालांकि, घटना से एक दिन पहले ननकू परिवार से मिलने आलीराजपुर चला गया, जिससे वह बच गया। शनिवार रात आजाद नगर में सिग्नेचर हाइट्स के पास आईआर-2 रोड पर 25 वर्षीय विनय का जला हुआ शव मिला था। रविवार को एमवाया में पोस्टमॉर्टम के दौरान सिर में चोट या गोली की आशंका पर एक्स-रे कराया गया, जिसमें पुरानी सर्जरी की प्लेट दिखी। वडोदरा की सप्लायर कंपनी से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस अरबिंदो अस्पताल पहुंची। सामने आया कि 2025 में अजय और सुजीत पटेल के साथ बाइक हादसे में घायल होने के बाद 16 मई 2025 को विनय के सिर में प्लेट लगाई गई थी। न्यूरो सर्जन के रिकॉर्ड और शव के सीने पर बने बाज के टैटू से उसकी पहचान हुई। हत्या के बाद अजय ने अनजान बनते हुए विनय के पिता जगदीश के साथ गुमशुदगी दर्ज कराने में भी साथ दिया। पिता ने बताया कि एरोड्रम थाने में दोस्तों को साथ लाने को कहा गया था, जिसके बाद दो दिन तलाश कर मंगलवार को अजय और सुजीत को लेकर थाने पहुंचे, तब गुमशुदगी दर्ज हुई।

# भगवान खजराना गणेश मंदिर के गर्भगृह में विधायक पुत्र रुद्राक्ष शुक्ल, वीडियो वायरल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**इंदौर ।** भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष शुक्ला एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। सोशल मीडिया पर उनका एक नया वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर के प्रतिबंधित गर्भगृह के भीतर नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद मंदिर की व्यवस्थाओं और वीआईपी कल्चर को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इससे पहले वे उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में वीडियो बनाने को लेकर भी विवादों में रह चुके हैं।

**गणेशजी को आचमन कराते हुए दिखाई दे रहे रुद्राक्ष**

वायरल वीडियो बुधवार रात का बताया जा रहा है। इसमें रुद्राक्ष शुक्ला गर्भगृह के अंदर भगवान गणेश को आचमन कराते हुए दिखाई दे रहे हैं।

गौरतलब है कि कोरोना काल के दौरान से ही खजराना गणेश मंदिर के गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं के प्रवेश पर सख्त प्रतिबंध लगा हुआ है।

नियमों के तहत गर्भगृह में प्रवेश के लिए कलेक्टर का विशेष अनुमति पत्र अनिवार्य है और अनुमति मिलने के बावजूद कोई भी श्रद्धालु भगवान की मूर्ति को स्पर्श नहीं कर सकता।

इसके बावजूद वीडियो में मंदिर के पुजारियों की मौजूदगी के बीच उन्हें गर्भगृह के भीतर देखा गया और किसी ने उन्हें रोकने का प्रयास नहीं किया। हालांकि, इस मामले में मंदिर प्रबंधन की ओर से अभी तक न तो वीडियो की आधिकारिक पुष्टि की गई है और न ही कोई बयान जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व रुद्राक्ष शुक्ला उज्जैन के महाकाल मंदिर के गर्भगृह के बाहर चांदी द्वार पर रील बनवाने को लेकर सुर्खियों में आए थे। उस मामले के तूल पकड़ने के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीन सुरक्षाकर्मियों को निलंबित कर दिया था और सुरक्षा एजेंसी पर पांच लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया था।

## गुजरात शराब तस्करी मामले में पूर्व पार्षद के बेटे सिद्धार्थ की तलाश तेज

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** ट्रक और लग्जरी बसों के माध्यम से अवैध रूप से शराब की पेटियां गुजरात भेजने के मामले में पूर्व पार्षद बंते यादव के बेटे सिद्धार्थ उर्फ बंटी की पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही है। बुधवार को उसके कोर्ट में सरेंडर करने की सूचना मिलने पर चंदन नगर पुलिस ने जिला कोर्ट और हाईकोर्ट परिसर में अपनी टीम भेजी, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। अब पुलिस आरोपी बंटी की गिरफ्तारी के लिए उस पर इनाम घोषित करने की तैयारी कर रही है।

**आरोपी ने उजागर की थी बंटी की संलिप्तता**

चंदन नगर थाना प्रभारी वेदेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया हाल ही में गुजरात जा रही एक यात्री बस से दो लाख रुपये की अवैध शराब जब्त कर चालक सागर सालट, हेल्पर सुनील वसुनिया और रतन प्रजापत को गिरफ्तार किया था। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि शराब कंचनबाग स्थित दुकान से निकली थी। हालांकि दुकान का लाइसेंस आदित्य शिवहरे के नाम पर है, लेकिन इसका वास्तविक संचालन बंटी ही कर रहा था। पुलिस ने मंगलवार को दुकान के मैनेजर अजीत को गिरफ्तार कर बंटी के ठिकानों पर दबिश दी, पर वह हाथ नहीं लगा। बंटी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत की अर्जी भी दायर की है। दूसरी ओर, कनाड़िया थाने में दर्ज शराब तस्करी के एक अन्य मामले में भी बंटी का नाम सामने आया है, जिसके चलते कनाड़िया पुलिस ने उसे नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया है। थाना प्रभारी के मुताबिक, जुलाई माह में पुलिस ने एक ट्रक (यूपी 63 बीटी 1468) से 55 लाख रुपये की शराब पकड़ी थी, जो आलीराजपुर के माफियाओं की मदद से गुजरात भेजी जा रही थी। इस प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी जुबानसिंह ने पूछताछ में बंटी की संलिप्तता उजागर की थी।

# प्रतिबंध रहा बेअसर, तीन प्रमुख मार्गों पर नजर आए ई रिक्शा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**इंदौर।** ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए प्रशासन ने शहर के तीन प्रमुख मार्गों पर ई-रिक्शा के संचालन पर प्रतिबंध लगाया है, लेकिन आदेश के पहले ही दिन इसकी खुलेआम अनदेखी होती नजर आई। गुरुवार को तीनों प्रतिबंधित मार्गों पर ई-रिक्शा चलते रहे।

इंदौर में ई-रिक्शा ट्रैफिक बिगड़ने की वजह बन चुके हैं। रिक्शा चालक कहीं भी सवारी के इंतजार में खड़े हो जाते हैं और फिर यातायात प्रभावित होने लगता है। इसे देखते हुए प्रशासन ने तीन प्रमुख मार्गों पर ई-रिक्शा के चलने पर प्रतिबंध लगाया था, लेकिन यह गुरुवार को बेअसर नजर आया। ई-रिक्शा तीनों मार्गों पर नजर आए। उन्हें रोकने के लिए पुलिसकर्मी भी तैनात थे, लेकिन रिक्शा चालकों ने कहा कि उन्हें आदेश के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

पुलिसकर्मियों ने रिक्शा चालकों से कहा कि अब शुक्रवार से प्रतिबंधित मार्गों पर ई-रिक्शा दिखे तो कार्रवाई होगी।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने निरंजनपुर से नवलखा, पलासिया से कृष्णपुरा ब्रिज और सुपर कॉरिडोर पर ई-रिक्शा प्रतिबंधित कर दिए हैं। यह आदेश बुधवार शाम को जारी किया गया, लेकिन गुरुवार सुबह तीनों मार्गों पर ई-रिक्शा नजर आए और इस कारण जाम भी लगता रहा।

अब पुलिस शुक्रवार से तीनों मार्गों पर ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ सख्ती बरतेगी। अधिकारियों का कहना है कि जानकारी नहीं होने के कारण पहले दिन रिक्शा चालकों को समझाया गया है।

## चाकू से हमला करने वाले दो आरोपियों को सात-सात साल का कारावास

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**इंदौर।** बेटी से बातचीत को लेकर हुए विवाद में पिता और उसके बेटे पर चाकू से हमला करने के मामले में सेशन कोर्ट ने दो आरोपियों को सात-सात साल के कारावास की सजा सुनाई है। सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार शर्मा ने यह फैसला सुनाया है। मामले के दोनों आरोपियों के नाम जितेंद्र सोलंकी और बंटी लोहानिया हैं, जिन्हें दोषी करार देते हुए यह दंड दिया गया।

एजीपी योगेश जायसवाल के अनुसार, यह घटना एक फरवरी 2024 की है। फरियादी हरप्रसाद का बेटा शेखर जब कोचिंग से घर लौट रहा था, तभी आरोपियों ने उसे रास्ते में रोका। आरोपियों ने जितेंद्र की बेटी सलोनी से बातचीत करने को लेकर शेखर के साथ विवाद शुरू कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही फरियादी हरप्रसाद और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। इसी दौरान विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और आरोपित जितेंद्र व बंटी ने मिलकर फरियादी हरप्रसाद तथा उनके बेटे शेखर पर चाकू से हमला कर दिया। सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी पाते हुए सात-सात वर्ष के कारावास और पांच-पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इसके साथ ही न्यायालय ने घायलों को राहत प्रदान करते हुए फरियादी हरप्रसाद को दो हजार रुपये और उनके बेटे शेखर को आठ हजार रुपये प्रतिकर के रूप में देने का आदेश भी पारित किया है।

## फिल्म अभिनेता और मॉडल ने पुलिस पर प्रताड़ित करने के लगाए आरोप

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इन्दौर।** वेब सीरीज की शूटिंग से जुड़े विवाद में अभिनेता कपिल खादीवाला ने पुलिस पर जांच के नाम पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की न्यायिक जांच की मांग की। डीसीपी अमन राठौर ने कहा कि जांच में पुलिसकर्मी दोषी मिले तो कार्रवाई होगी। शिकायत झूठी पाए जाने पर शिकायतकर्ता पर भी कार्रवाई होगी। कनाडिया थाना क्षेत्र में वेब सीरीज की शूटिंग रुकवाने और पैसे मांगने के आरोपों से जुड़ा मामला अब नया मोड़ लेता नजर आ रहा है। कपिल खादीवाला ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जांच के नाम पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। उनका आरोप है कि वेब सीरीज की शूटिंग से जुड़े घटनाक्रम के बाद पुलिस ने उन्हें जांच के नाम पर घंटों थाने में बैठाकर परेशान किया। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई और जांच प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए कहा कि उनके साथ किया गया व्यवहार उचित नहीं था।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/विक्रेता **फिरोज अली कुदरत अली** पता **417, मदीना नगर, इन्दौर** झोन क्र. 19 पिन. नं. **1001313610** जिसके नाम नामांतरण चाहा गया है। क्रेता **संजीदा बी पति श्री असलम खान।** इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **27.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/विक्रेता **शेख नूर मोहम्मद कुरैशी** पता **पुराना 337/1, न्यू 237/1, सम्राट नगर, इन्दौर** झोन क्र. 19 पिन. नं. **1003032518** जिसके नाम नामांतरण चाहा गया है। क्रेता **शाहीन मीर पति श्री मीर साहिब अली।** इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **27.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है विक्रेता **श्रीमती पलक जैन पतिश्री पलाश सोनगरा** पता **ए-26, राजाराम एवेन्यू, पिपल्याकुमार, इंदौर,** पिन **2000097454,** झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 36। विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **27.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 22 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है विक्रेता **श्रीमती कविता राजपूत पतिश्री महेश राजपूत** पता **ए-40, राजाराम एवेन्यू, पिपल्याकुमार, इंदौर,** पिन **2000097454,** झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 36। विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **27.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 22 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है विक्रेता **श्रीमती शिवानी सलवाड़िया पतिश्री हरीश राठौर,** पता **13 पैकी भाग, श्रीनाथ विहार, इंदौर,** पिन **1004612851,** झोन क्र. 01। क्रेता **श्री नितिन अणिमा पिताश्री लक्ष्मीनारायण** विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **27.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 01 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 01 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **विशाल आर्य पिताश्री हीरालाल आर्य, रेखाबाई पतिश्री हीरालाल आर्य** द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत का सम्पत्ति का **खाता क्रमांक 1001299185** पता **118/6, राधास्वामी नगर, इंदौर** के नाम पर नामांतरण चाहा गया है। निगम रिकार्ड में दर्ज नाम **मनीष पिताश्री स्वाधीन कोठारी।** इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **27.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह झोन क्रमांक 18 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्षमय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी छत्रपति शिवाजी (कृषि विहार) झोन क्रमांक 18 नगर निगम इंदौर**

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने संविधान दिवस पर दिया बड़ा संदेश

# डिग्री लेकर नौकरी नहीं, समाज बदलने का संकल्प भी लें युवा!

मृदुभाषी। भोपाल/भुवनेश्वर

डिग्री हासिल करना किसी विद्यार्थी की मंजिल नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए कुछ बेहतर करने की नई जिम्मेदारी की शुरुआत है। युवाओं को केवल अपने करियर और व्यक्तिगत सफलता तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपने ज्ञान, शिक्षा और प्रतिभा का उपयोग समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए भी करना चाहिए।

संविधान के मूल्यों को संसद और न्यायालयों की सीमाओं से बाहर निकालकर जन-जन तक पहुंचाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह संदेश राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने गुरुवार को डॉ. बी.आर. अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, महू के आठवें दीक्षांत समारोह में दिया। संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित इस समारोह में राज्यपाल ने विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि युवाओं में संविधान के प्रति सम्मान और जुड़ाव बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। संविधान के मूल्यों को जीवन में अपनाने से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और विकसित भारत के निर्माण का रास्ता मजबूत होगा। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में होने वाले शोध की उपयोगिता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि शोध केवल अकादमिक उपलब्धियों और शोध पत्रों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। ऐसा शोध होना चाहिए, जो समाज की वास्तविक समस्याओं का समाधान निकाल सके और शासन की नीतियों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को नई दिशा देने में मददगार बने। उन्होंने कुलगुरु और प्राध्यापकों से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और वंचित समुदायों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों पर लगातार आत्ममंथन करने का आह्वान किया। ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों को शिक्षा एवं शोध से जोड़ने की आवश्यकता बताते हुए उन्होंने कहा कि उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक संवेदना और समस्याओं के व्यावहारिक समाधान की क्षमता विकसित की जानी चाहिए।




## सामाजिक समरसता भाषणों में नहीं, हमारे व्यवहार में दिखाई दे

**राज्यपाल** ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर स्थापित विश्वविद्यालय की वास्तविक सार्थकता तभी सिद्ध होगी, जब समानता, स्वतंत्रता, बंधुता और सामाजिक न्याय के मूल्य हमारी शिक्षा, शोध और दैनिक व्यवहार में दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि केवल सामाजिक समरसता की बातें करना पर्याप्त नहीं है। इसे अपने आचरण में भी उतारना होगा। किसी व्यक्ति के गरीब होने, साधारण कपड़े पहनने या वंचित समुदाय से आने के कारण उसके प्रति भेदभाव का भाव नहीं होना चाहिए। एक शिक्षित व्यक्ति के व्यवहार में संवेदनशीलता, आत्मीयता और समानता का भाव होना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि दीक्षांत समारोह में ली गई प्रतिज्ञा को केवल एक दिन तक सीमित न रखें, बल्कि वर्ष के 365 दिन उसका पालन करने का संकल्प लें।

## डिग्री के साथ अच्छे संस्कार देना भी विवि की जिम्मेदारी

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों का दायित्व केवल विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करना नहीं है, बल्कि उनमें अच्छे संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। विद्यार्थी अपने जीवन के पांच वर्ष या उससे अधिक समय शिक्षण संस्थानों में बिताते हैं। इस दौरान उन्हें ऐसी शिक्षा और संस्कार मिलने चाहिए, जिससे वे परिवार, समाज और देश के लिए उपयोगी नागरिक बन सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में अच्छा प्लेसमेंट हासिल करें, खूब तरक्की करें और अपने सपनों को पूरा करें, लेकिन व्यक्तिगत सफलता के दौरान माता-पिता, समाज और देश के प्रति अपने दायित्वों को कभी न भूलें।

## नशे से दूर रहें, दूसरों को भी करें जागरूक

**राज्यपाल** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। प्रत्येक विद्यार्थी को यह विचार करना चाहिए कि वह देश को विकसित बनाने में अपना क्या योगदान दे सकता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब युवा स्वयं नशे से दूर रहकर समाज में जागरूकता फैलाएंगे। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने संविधान सभा के सभी सदस्यों का स्मरण किया और उपस्थित लोगों के साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर दीक्षांत समारोह की स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

# खड़े हनुमानजी की प्रतिमा में दरारें और प्लास्टर के उखड़ने का दावा



मृदुभाषी। उज्जैन

छत्री चौक के पास स्थित प्रसिद्ध खड़े हनुमानजी की प्रतिमा में दरारें आने और पीछे की ओर से प्लास्टर उखड़ने के दावे को लेकर श्रद्धालुओं व मंदिर से जुड़े लोगों में चिंता और नाराजगी का माहौल है। खड़े हनुमान भक्त मंडल के सदस्यों के अनुसार, प्रतिमा के पिछले हिस्से व पीछे की दीवार से प्लास्टर उखड़कर गिरा है और बीच के हिस्से में भी दरारें दिखी हैं, जिसके पीछे आसपास होने वाले शोर-शराबे, तेज ध्वनि और कंपन को कारण बताया जा रहा है। वहीं, बजरंग दल से जुड़े पार्षद शिवेंद्र तिवारी व शालू यादव ने आरोप लगाया कि पहले मंदिर का मूल ढांचा गिराया गया और प्रशासन ने कई बार प्रतिमा की स्कैनिंग कराई, जिससे स्थिति प्रभावित हुई। शिकायतों के बावजूद ठोस कदम न उठाए जाने का आरोप लगाते हुए भक्तों ने प्रतिमा को मूल स्थान से हटाने या अन्यत्र स्थापित करने की आशंका भी जताई है। मुख्य ढांचा हटाए जाने के बाद प्रतिमा की सुरक्षा के लिए अस्थायी कैनोपी लगाई गई है। श्रद्धालु अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से पहले की स्थिति का हवाला देते हुए प्रतिमा को मूल स्थान पर ही सुरक्षित रखने की मांग कर रहे हैं। मंदिर से जुड़े रूपेश ठाकुर ने बताया कि मुख्य ढांचा हटाए जाने के तीन महीने बाद रविवार सुबह करीब 6 बजे प्रशासनिक टीम विशेष उपकरणों के साथ पहुंची थी और पुजारी की मौजूदगी में आधे से पौने घंटे तक स्कैनिंग की। इससे पहले 29 सितंबर को भी टीम के पहुंचने की बात कही गई है, लेकिन पूर्व जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं होने पर सवाल उठ रहे हैं। नुकसान के वास्तविक कारण को लेकर प्रशासन या पुजारी की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है और सभी की नजर जांच निष्कर्ष व संरक्षण के कदमों पर है।

# संविधान निर्माण में एमपी का दबदबा !

मृदुभाषी। भोपाल



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माण में मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश का नाम इंडिया के स्थान पर भारत रखने की पैरवी से लेकर देश में सुप्रीम कोर्ट की स्थापना की मांग तक प्रदेश के प्रतिनिधियों ने अहम भूमिका निभाई। संविधान दिवस पर विधानसभा परिसर में आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि समानता और बंधुत्व भारतीय संविधान की मूल भावना हैं और संविधान दिवस हमारी गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने सेठ गोविंद दास और हरि विष्णु कामथ का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने संविधान में देश का नाम भारत रखने की पैरवी की थी। वहीं, डॉ. हरिसिंह गौर ने वर्ष 1921 में देश में सुप्रीम कोर्ट की स्थापना का विचार रखा था। उन्होंने संविधान के पहले पृष्ठ पर अशोक स्तंभ का चित्र बनाने वाले मध्यप्रदेश के चित्रकार स्व. दीनानाथ भार्गव के योगदान को भी याद किया। उनके पुत्र का इस अवसर पर सम्मान किया गया। डॉ. यादव ने आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उस दौरान प्रेस की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी पर पाबंदियां लगाई गईं। न्यायपालिका की शक्तियों को सीमित करने के प्रयास भी हुए। उन्होंने 39वें और 42वें संविधान संशोधन का उल्लेख करते हुए तत्कालीन सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन हुआ।

## भोपाल में बिजली दफ्तर पहुंचे किसान

**भोपाल।** खेतों में सिंचाई के लिए बिजली की समस्या, जले ट्रांसफार्मर और अघोषित कटौती से परेशान किसानों ने अब बिजली कंपनी के सामने अपनी मांगें रखी हैं। भारतीय किसान संघ ने साफ कहा है कि किसानों को रोजाना 10 घंटे गुणवत्तापूर्ण बिजली मिलनी चाहिए और जला हुआ ट्रांसफार्मर बदलने के लिए हफ्तों इंतजार नहीं कराया जाना चाहिए। संगठन ने इसके लिए तीन दिन की समयसीमा तय करने की मांग की है। गुरुवार को भोपाल के प्रकाश भवन में बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक में भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने 13 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। बैठक में बिजली विभाग के मुख्य सचिव मनीष सिंह, विशेष गढ़पाले और मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग मौजूद रहे।

# राजधानी में दो साल में 19.3 प्रतिशत बढ़े टीबी के मरीज

मृदुभाषी। भोपाल




राजधानी में टीबी मरीजों की संख्या दो साल में 19.3 प्रतिशत बढ़कर 12,850 तक पहुंच गई है, लेकिन टीबी उन्मूलन अभियान की जमीनी जिम्मेदारी संभाल रहे करीब 70 डॉट्स प्रोवाइडरों को पिछले 15 महीने से मानदेय नहीं मिला है। प्रत्येक डॉट्स प्रोवाइडर को हर माह करीब 10 मरीजों को नियमित दवा उपलब्ध कराने और उपचार का फॉलोअप करने के बदले 10 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय तय है, लेकिन भुगतान अटकने से ये कर्मचारी जिला क्षय केंद्र से लेकर राज्य क्षय केंद्र तक चक्कर लगाने को मजबूर हैं कर्मचारियों का कहना है कि वे लगातार मरीजों से संपर्क बनाए रखकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, पर डेढ़ साल से मानदेय न मिलने के कारण घर चलाना मुश्किल हो गया है और बच्चों की फीस, राशन व अन्य जरूरी खर्चों के लिए उधार लेना पड़ रहा है। कई बार आवेदन देने के बावजूद उन्हें अब तक राहत नहीं मिल पाई है। टीबी का उपचार लंबा चलता है, जिसमें निर्धारित अवधि तक नियमित दवा और निरंतर निगरानी बेहद जरूरी होती है। हालांकि अभी यह प्रमाणित नहीं है कि मानदेय में देरी से मरीजों की संख्या बढ़ी है या उपचार बाधित हुआ है, लेकिन मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच निगरानी व्यवस्था संभालने वाले कर्मचारियों का भुगतान अटकना स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और अभियान की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

### शिकायतकर्ता व काउंसिल को नोटिस, सख्त कार्रवाई की आशंका

# गधे के नाम से नर्सिंग रजिस्ट्रेशन की शिकायत पर पुलिस ने शुरू की जांच

मृदुभाषी। भोपाल




गधे के नाम से नर्सिंग रजिस्ट्रेशन होने की शिकायत के बाद मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने के बीच पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। टीटी नगर थाना पुलिस ने शिकायतकर्ता एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार और नर्सिंग काउंसिल के अधिकारियों को बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस जारी किया है। 26 नवंबर को जारी नोटिस क्रमांक डी-1056 में रवि परमार द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से दिए गए शिकायत आवेदन का उल्लेख है, जिसके आधार पर संबंधित पक्षों को बयान के लिए बुलाया गया है।

रवि परमार ने आरोप लगाया है कि बिना शैक्षणिक योग्यता, प्रशिक्षण और जरूरी दस्तावेजों के सत्यापन के नर्सिंग रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र जारी किए गए हैं, जो मरीजों की सुरक्षा से भी जुड़ा गंभीर मामला है। उन्होंने उच्चस्तरीय जांच, संदिग्ध प्रमाण-पत्र निरस्त करने, जिम्मेदार कर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने तथा रिकॉर्ड व डिजिटल पोर्टल की जांच की मांग की है। परमार के अनुसार, वे बीते तीन साल से नर्सिंग शिक्षा और रजिस्ट्रेशन व्यवस्था की कथित अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। पुलिस नोटिस पर रवि परमार ने जांच में सहयोग की बात कहते हुए 29 नवंबर को व्यक्तिगत कार्यों के चलते उपस्थित न हो पाने की असमर्थता जताई है और 27 नवंबर को बयान दर्ज करने का अनुरोध किया है। फिलहाल पुलिस जांच जारी है और आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

# 60 से अधिक स्कूलों के 4,482 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

मृदुभाषी। भोपाल/भुवनेश्वर



साई इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप ने अपने एसटीईएम सम्मेलन साइटेड के 10वें संस्करण का आयोजन साई इंटरनेशनल स्कूल में किया। इसरो के सैटेलाइट सेंटर के पूर्व निदेशक मायलस्वामी अन्नादुरई मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संस्करण की थीम 'फ्रॉम द शैडोजः इंजीनियरिंग द इम्पॉसिबल' रखी गई थी।

आयोजन के प्रमुख आकर्षण साई कॉम्बिनेटरः स्टूडेंट स्टार्टअप एक्सेलेरेटर एंड डेमो डे में देशभर के स्कूली विद्यार्थियों ने टीम बनाकर वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान से जुड़े स्टार्टअप विचार, प्रोटोटाइप और बिजनेस मॉडल प्रस्तुत किए। बूटकैंप के बाद चयनित टीमों ने उद्यमियों और स्टार्टअप संस्थापकों की जूरी के सामने अपने विचार रखे। इस संस्करण में 60 से अधिक स्कूलों के 4,482 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और 210 से अधिक परियोजनाएं प्रदर्शित की गईं। वर्ष 2016 में संस्थापक बिजया कुमार साहू द्वारा शुरू किए गए इस मंच का उद्देश्य अनुभवात्मक शिक्षा और सहयोग के जरिए विद्यार्थियों में नवाचार को बढ़ावा देना है। साई इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप की चेयरपर्सन सिल्पी साहू ने कहा कि साइटेड जिज्ञासा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसने एक दशक में युवा मस्तिष्कों को विचारों को संभावनाओं में बदलने के लिए प्रेरित किया है। मुख्य अतिथि मायलस्वामी अन्नादुरई ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा के अनुभव साझा किए और कहा कि कॉलेज-विश्वविद्यालय स्तर के ऐसे मंच स्कूली विद्यार्थियों के लिए इतने व्यापक स्तर पर तैयार करना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हर बड़ी उपलब्धि की शुरुआत जिज्ञासा से होती है और युवाओं को प्रयोग करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में मायलस्वामी अन्नादुरई ने टेक पार्क का उद्घाटन किया तथा साइंस मॉडल प्रतियोगिता पुरस्कार और फाउंडर्स डिबेट कप के माध्यम से विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



सम्पादकीय

## सूर्यवंशी की आतिशी पारी से दुनिया में खलबली

**यह** कल्पना से परे है कि कोई पंद्रह वर्षीय किशोर क्रिकेट के खेल में महज 52 गेंदों में दोहरा शतक बना दे। इतना ही नहीं, 28 बॉल में शतक भी जड़ दे। साथ ही सबसे तेज 150 रन महज 40 गेंदों में बना डाले। एक पारी में 28 छक्कों का अविश्वसनीय कारनामा। यानी 204 रनों की पारी में 168 रन सिर्फ छक्कों से बटोर लिए, जो अपने आप में विश्व रिकॉर्ड हैं। ये कारनामा मंगलवार को वैभव सूर्यवंशी ने लिस्ट ए क्रिकेट के दोहा में हुए एक मैच में कर दिखाया। कहा जा रहा है कि इस टीनएजर ने क्रिकेट को वीडियो गेम बना डाला। आज दुनिया के क्रिकेट जगत में सूर्यवंशी के खेल-वैभव की चर्चा हो रही है। क्रिकेट के दिग्गज उनकी तारीफ के पुल बांध रहे हैं। साथ ही सवाल भी पूछ रहे हैं कि उन्हें टी-20 व वन डे की भारतीय टीम में बतौर ओपनर कब जगह मिल पायेगी? उल्लेखनीय है कि वे दस इंटरनेशनल टी-20 मैचों में 185 के स्ट्राइक रेट से 295 रन बना चुके हैं। इतना ही नहीं ,आईपीएल की अब तक खेली 23 पारियों में उन्होंने 228 के स्ट्राइक रेट से 1028 रन बनाये हैं। वहीं आईपीएल सीजन में भी उन्होंने क्रिस गेल जैसे दिग्गज क्रिकेटर द्वारा एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड भी तोड़ा था। इस किशोरवय सनसनी ने आईपीएल सीजन 2026 में 72 छक्के जड़े थे। यही वजह है कि अक्सर उनके आक्रामक खेल और छक्के मारने के कौशल की चर्चा होती है। दुनिया के अन्य देशों में उनके इस चमत्कारी हुनर की चर्चा खूब हो रही है। यहां तक कि मंगलवार को पाकिस्तान द्वारा दोहा में अपना ग्रुप का मैच जीतने के बावजूद वहां सिर्फ वैभव के आतिशी खेल की चर्चा होती रही। निस्संदेह, छोटी उम्र में वैभव की कामयाबी अप्रत्याशित है। वे मौलिक खेल प्रतिभा के धनी हैं। अभी उनका लंबा क्रिकेट जीवन होना है।

यही वजह है कि वैभव की प्रतिभा और फुल फॉर्म में होने की वजह से भारतीय टीम में उनकी जगह सुनिश्चित करने की मांग की जा रही है। जाहिर है इस समय दुनिया के दिग्गज गेंदबाज उनके खेल को पढ़ रहे होंगे। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय पिचों व गेंदबाजों को उन्हें समझना होगा। जिसके लिये वैभव को अपने खेल कौशल को और समृद्ध करने की जरूरत होगी। निस्संदेह, अविश्वसनीय कामयाबी वाले वैभव के पास भविष्य में तमाम मौके आने वाले हैं। बीसीसीआई को उनको लेकर संतुलित नीति अपनाने की जरूरत होगी। कुछ लोगों का मानना है कि मौलिक व आक्रामक खेल वाले खिलाड़ी विरले ही पैदा होते हैं, लेकिन समय पर बड़े अवसर न मिलने का नकारात्मक प्रभाव उनके खेल में पड़ सकता है। क्रिकेट समीक्षक सोलह साल की उम्र में सचिन तेंदुलकर को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाफ 1989 में मौका देने और उसके बाद उनकी अप्रत्याशित कामयाबी का जिक्र भी करते हैं। निस्संदेह, ऐसे में विरले ही सामने आने वाली विशिष्ट प्रतिभाओं को मानसिक संबल देने की जरूरत होगी। वैभव जैसे रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बनाते हुए बेतहरीन खेल रहे हैं तो उसी अनुपात में उन्हें अच्छे अवसर भी मिलने चाहिए। आईपीएल सीजन 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल करना उनकी प्रतिभा को ही दर्शाता है। साथ ही जरूरी है कि वैभव अपने आक्रामक खेल को बनाये रखें। उसमें निरंतरता रहे और वे क्रिकेट की आधुनिक तकनीकों से रूबरू होते रहें। निश्चित रूप से अधिक इंटरनेशनल मैच खेलना, उनके खेल में निखार लाएगा। जाहिर है उनकी हालिया आतिशी पारी के बाद दुनिया के तमाम गेंदबाज उन पर हावी होने के रास्ते तलाश रहे होंगे। वे उनकी असाधारण प्रतिभा को काबू करने के नुस्खे तलाश रहे होंगे। उनकी हिटिंग पावर को रोकने की व्यूह रचना की जा रही होगी। सुखद है कि दोहा के मंगलवार के मैच में जितने छक्के वैभव ने लगाये, कोई पूरी टीम भी उतने छक्के नहीं लगा सकती।

# FPI के नियमों में बदलाव से पहले व्यापक समीक्षा जरूरी

मुकुल व्यास

**भारतीय** शेयर बाजारों को विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली के कारण काफी नुकसान उठाना पड़ा है। नवंबर में अब तक करीब 13 अरब डॉलर के शेयरों की शुद्ध खरीदारी करके उन्होंने बाजार में वापसी की है। परंतु साल की शुरुआत से अब तक वे 18 अरब डॉलर से अधिक की शुद्ध बिकवाली कर चुके हैं।

2025 में भी एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों से करीब 18.9 अरब डॉलर की निकासी की थी। एफपीआई की बिकवाली का असर केवल शेयर बाजारों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे रुपये पर भी काफी दबाव पड़ा। एफपीआई की बिकवाली और हाल में उनकी वापसी के पीछे कई वजहें बताई जा रही हैं। वैश्विक कारकों में ईरान युद्ध शामिल है जिसने ऊर्जा की कीमतों में काफी बढ़ोतरी की। दुनियाभर से निवेश का बड़ा हिस्सा आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस और उससे जुड़े क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियों की ओर भी जा रहा है। यह तर्क भी दिया जा रहा है कि करों और नियामकीय जरूरतों के कारण भारतीय बाजारों में विदेशी निवेश का प्रवाह प्रभावित हो रहा है।

इसी संदर्भ में बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पिछले सप्ताह एक परामर्श पत्र जारी किया। इसमें 2023 में शुरू किए गए अतिरिक्त खुलासा ढांचे को समाप्त करने का प्रस्ताव है। यह ढांचा अंतिम लाभार्थी मालिकों से संबंधित विस्तृत जानकारी जुटाने के लिए लागू किया गया था। पत्र में कहा गया है कि भारत में निवेश के इच्छुक कई एफपीआई इन खुलासों को अनुपालन की एक अतिरिक्त जिम्मेदारी मानते हैं। ऐसे में इससे बचने के लिए कई निवेशक भारत में निवेश से ही परहेज कर सकते हैं। मौजूदा नियमों के तहत यदि एफपीआई कुछ निर्धारित




निवेश संकेंद्रण या आकार संबंधी मानदंडों को पूरा करते हैं तो उन्हें अपने स्वामित्व, आर्थिक हित या नियंत्रण रखने वाली सभी संस्थाओं का विस्तृत ब्योरा देना होता है। यह जानकारी अंततः उन सभी वास्तविक लोगों को देनी होती है जिनका इन संस्थाओं में हित है। परामर्श पत्र में धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत भारत में लागू कड़े प्रावधानों का भी उल्लेख किया गया है जो दूसरे देशों की तुलना में अधिक सख्त हैं। ये प्रावधान सेबी के नियामकीय अधिकार क्षेत्र में नहीं आते।

ऐसे दौर में जब पूंजी एक देश से दूसरे देश में आसानी से जा सकती है वह केवल बेहतर रिटर्न की तलाश नहीं करती बल्कि उन बाजारों को भी प्राथमिकता देती है जहां प्रवेश और निकासी की प्रक्रिया अपेक्षाकृत आसान हो। यह भी सही है कि भारत, जिसे निरंतर ऊंची आर्थिक वृद्धि हासिल करने के लिए घरेलू बचत के पूरक के रूप में विदेशी पूंजी के लगातार प्रवाह की जरूरत है उसे नियमों के मामले में दूसरे देशों से अलग नहीं होना चाहिए। मांग उठ रही है कि एफपीआई द्वारा अर्जित पूंजीगत लाभ पर भारत में कर नहीं लगाया जाना चाहिए हालांकि इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय क्या होता है यह देखना बाकी है। एफपीआई के लिए प्रकटीकरण संबंधी नियमों की बात करें तो केवल परामर्श पत्र पर मिली प्रतिक्रियाएं पर्याप्त नहीं होंगी क्योंकि संभव है कि अधिकांश हितधारकों के पास इस विषय से जुड़ी पूरी जानकारी न हो।

यह जानना जरूरी है कि अतिरिक्त खुलासा ढांचा आखिर क्यों लागू किया गया था, नियामक ने इसके तहत किस स्तर तक की जानकारी जुटाई है और उस जानकारी का इस्तेमाल किस तरह किया है। इसी तरह, यह भी समझने की जरूरत है कि धन शोधन रोकने से जुड़े कानून के प्रासंगिक प्रावधानों को भारत में दूसरे देशों की तुलना में अधिक सख्त क्यों बनाया गया। सेबी को नियामक संस्था के अधिकारियों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधियों और स्वतंत्र बाजार विशेषज्ञों को शामिल करते हुए एक विशेषज्ञ समिति गठित करनी चाहिए। ऐसी समिति एफपीआई से जुड़े सभी संभावित मुद्दों की व्यापक समीक्षा कर सकेगी और नियामक तथा सरकार दोनों के सामने स्पष्ट विकल्प रख सकेगी। रिपोर्ट से इस विषय पर सार्वजनिक विमर्श को भी सही दिशा देने में मदद मिलेगी। नियमों और नियामकीय प्रावधानों में बदलाव पूंजी के प्रवाह या शेयर बाजार में शेयरों की कीमतों में तत्काल होने वाले उतार-चढ़ाव के आधार पर नहीं किए जाने चाहिए। इसके बजाय ऐसे बदलाव सुविचारित, स्थापित और व्यापक स्वीकार्य सिद्धांतों पर आधारित होने चाहिए। इससे नियामकीय व्यवस्था में स्थिरता आएगी और बार-बार बदलाव करने की जरूरत भी कम होगी।

धर्म-ज्योतिष

## हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार चेहरे पर तिल लहसन तय करते आर्थिक स्थिति

हस्तरेखा शास्त्र में हथेली के आकार, रेखाओं और पर्वत आदि के बारे में काफी कुछ बताया गया है। इसमें शरीर पर मौजूद मस्सों, तिल और लहसन के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया है। माना जाता है कि शरीर पर कुछ तिल और मस्से काफी शुभ होते हैं, यह हमें जीवन में आने वाली खुशहाली और उतार-चढ़ाव के बारे में संकेत देते हैं। हस्तरेखा शास्त्र के मुताबिक अगर किसी जातक के माथे पर तिल होता है, तो उस जातक को चारों ओर से सम्मान और फायदा होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं, शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर मौजूद मस्सों और तिल क्या शुभ और अशुभ संकेत देते हैं। शरीर पर तिल जैसे आकार के श्याम रंग के निशान को तिल कहा जाता है। यह शरीर पर उभरा नहीं होता है। वहीं त्वचा से कुछ ऊंची बाहर निकली छोटी, राई या बाजरे जितनी गांठ हो, तो इसको मस्सा कहा जाता है। हस्तरेखा शास्त्र में ज्यादा बड़े मस्से को शुभ नहीं माना जाता है। वहीं अगर शरीर के किसी हिस्से पर कुसुबे के रंग की तरह लाल रंग का निशान नजर आए, तो इसको लहसन कहा जाता है।



समसामयिक

## कृषि कानूनों की वापसी के बावजूद बाकी सवाल

**छब्बीस** नवंबर को किसान आंदोलन की छठी वर्षगांठ है। यह वही आंदोलन था, जो केंद्र सरकार द्वारा 5 जून, 2020 को जारी किए गए तीन कृषि अध्यादेशों के खिलाफ लगभग 13 महीने तक चला। इन अध्यादेशों को संसद में आनन-फानन में पारित करवाकर तथा राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त कर 27 सितंबर, 2020 को कानून का रूप दे दिया गया था।

वहीं, 26 नवंबर को देश में संविधान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इसी दिन 1949 में संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकार किया था। उल्लेखनीय है, इसी समय संसद ने चार श्रम संहिताएं (लेबर कोड) भी पारित की थीं, जिनके जरिये दशकों से प्रचलित समूचे श्रम कानूनों को बदल दिया गया।

तीनों विवादास्पद कृषि कानूनों को किसान विरोधी, कॉर्पोरेट हितैषी तथा समूची कृषि व्यवस्था के लिए विनाशकारी माना गया। इन कानूनों का उद्देश्य कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग को बढ़ावा देकर निजी कंपनियों के निर्बाध प्रवेश की राह



खोलना तथा खाद्यान्न व्यापार में एकाधिकार को प्रोत्साहित करना था। इनके दूरगामी परिणाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की व्यवस्था और सार्वजनिक वितरण प्रणाली, दोनों पर पड़ने निश्चित थे। किसान पहले ही कृषि लागत में लगातार वृद्धि व आय में ठहराव के कारण प्रतिकूल आर्थिक परिस्थितियों का सामना कर रहे थे। 25 नवंबर को पंजाब-हरियाणा के लाखों किसानों ने कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली कूच शुरू किया। उन्होंने हरियाणा की तत्कालीन गठबंधन सरकार द्वारा किए गए पुलिस दमन का मुकाबला किया। दिल्ली के सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों पर 26 नवंबर को मोर्चे लगने से राष्ट्रीय राजधानी की घेराबंदी जैसी स्थिति पैदा हो गई थी। इसी दिन चार श्रम संहिताओं के खिलाफ औद्योगिक और ट्रेड यूनियन मजदूरों ने भी देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किए। कई किसान संगठनों को एक साझा मंच पर लाकर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) का गठन किया गया।

आंदोलन की पहली प्रमुख विशेषता मुद्दों पर आधारित एकता थी। तीनों कृषि कानून ऐसे थे, जो किसान समुदाय के सभी वर्गों को प्रभावित कर रहे थे। दूसरी विशेषता थी कि कोविड महामारी सहित मौसम की प्रतिकूलताओं का सामना करते हुए किसानों ने सीमाओं पर डेरे डाले रखे। तीसरी विशेषता थी महिलाओं की विशाल भागीदारी। चौथी विशेषता थी आंदोलन को मिला व्यापक जनसमर्थन, विशेषकर हरियाणा से, जिसकी भौगोलिक स्थिति तीन ओर से राष्ट्रीय राजधानी को छूती है। इनके अलावा, हरियाणा व पंजाब के अनेक टोल प्लाजा पर भी समर्थन में धरना स्थल बने रहे।

व्यापार

# एनवीडिया ने मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड और इंडोनेशिया को सर्वर सप्लाई रोकी

मृदुभाषी। नई दिल्ली

एआई चिप्स और अत्याधुनिक तकनीक पर वैश्विक नियंत्रण को लेकर जारी भू-राजनीतिक खींचतान के बीच चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया ने दक्षिण-पूर्व एशिया के चार देशों मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड और इंडोनेशिया को उन्नत एआई सर्वर्स की शिपमेंट तत्काल प्रभाव से रोक दी है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के सख्त निर्यात नियंत्रण नियमों के चलते यह कदम उठाया गया है, ताकि उन रास्तों को बंद किया जा सके जिनके जरिए चीनी एआई डेवलपर्स अमेरिकी प्रतिबंधों को दरकिनार कर कंप्यूटिंग क्षमता




हासिल कर रहे थे। सर्वर निर्माता डेल और सुपरमाइक्रो ने भी इन देशों के खरीदारों को सूचित किया है कि एनवीडिया फिलहाल ऑर्डर्स की डिलीवरी की अनुमति नहीं देगी। अमेरिका को इस बात पर ऐतराज है कि प्रत्यक्ष बिक्री पर रोक के बाद चीनी डेवलपर्स दक्षिण-पूर्व एशिया के डेटा सेंटरों के जरिए क्लाउड कंप्यूटिंग कॉन्ट्रैक्ट के माध्यम से दूर बैठकर एनवीडिया चिप्स की प्रोसेसिंग पावर का इस्तेमाल कर रहे थे। इस मामले में सिंगापुर की एक क्लाउड कंपनी पर चीनी डेवलपर्स को चिप्स लीज पर देने के आरोपों और जांच के बाद मामला और संवेदनशील बना। इसी बैकडोर व्यवस्था को रोकने के लिए अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने पिछले सप्ताह नए नियम लागू किए, जिसके तहत एशिया के क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर्स को 90 दिनों के भीतर यह प्रमाणित करना होगा कि उनकी सेवाएं प्रतिबंधित चीनी इकाइयों तक नहीं पहुंच रही हैं। इस घटनाक्रम का असर वैश्विक शेयर बाजार पर भी दिखा, जहां एनवीडिया का शेयर 3.91 प्रतिशत गिरकर 149.30 डॉलर पर आ गया। वहीं डेल टेक्नोलॉजीज का शेयर 0.60 प्रतिशत बढ़कर 297.06 डॉलर पर बंद हुआ और सुपरमाइक्रो के शेयर में 3.05 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। जानकारों के अनुसार, सेमीकंडक्टर और एआई ढांचा अब भू-राजनीतिक सुरक्षा का अहम हिस्सा बन चुका है और 90 दिनों की समय-सीमा पूरी होने तक एशिया के डेटा सेंटर हब्स के लिए स्थिति चुनौतीपूर्ण रह सकती है, जिससे निवेश और क्लाउड ढांचे के पुनर्गठन पर असर पड़ने की संभावना है।

वॉट्सएप में आया मैसेज शेड्यूल करने का फीचर

## 14 दिन आगे तक तय कर सकेंगे भेजने का समय

मृदुभाषी। नई दिल्ली

वॉट्सएप ने भारत सहित दुनियाभर के यूजर्स के लिए मैसेज शेड्यूल करने का फीचर रोलआउट करना शुरू कर दिया है। इसके जरिए यूजर प्राइवेट और ग्रुप चैट में टेक्स्ट, फोटो या वीडियो भेजने के लिए 10 मिनट से 14 दिन आगे तक का दिन और समय पहले से तय कर सकेंगे।

तय समय पर मैसेज अपने आप चला जाएगा और फोन बंद होने या बैटरी खत्म होने पर भी डिलीवरी हो सकेगी। भेजने से पहले शेड्यूल मैसेज को हटाया भी जा सकेगा तथा यह सुविधा एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन से सुरक्षित रहेगी। इस फीचर से सुबह की शुभकामनाएं, जन्मदिन व सालगिरह की बधाई, मीटिंग व अपॉइंटमेंट के रिमाइंडर,




ऑफिस-बिजनेस ग्रुप के अपडेट और अलग-अलग टाइम जोन वाले लोगों को सही समय पर संदेश भेजने में आसानी होगी। पाने वाले को यह सामान्य मैसेज की तरह ही दिखेगा और यह जानकारी नहीं मिलेगी कि संदेश शेड्यूल किया गया था। कंपनी ने यह सुविधा फिलहाल चुनिंदा यूजर्स को दी है और चरणबद्ध तरीके से इसे सभी तक पहुंचाया जा रहा है। कुछ यूजर्स को यह फीचर मिलने लगा है, जबकि बाकी लोगों को इसके लिए कुछ हफ्ते इंतजार करना पड़ सकता है। सभी यूजर्स के लिए कोई तय तारीख घोषित नहीं की गई है, इसलिए यूजर्स को ऐप अपडेट रखने की सलाह दी गई है।

## सोना 1,944, चांदी 3,988 रुपये महंगी

मृदुभाषी। नई दिल्ली

सर्राफा बाजार में सोना-चांदी के दामों में आज उछाल दर्ज किया गया है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,944 रुपये महंगा होकर 1.23 लाख रुपये पर पहुंच गया, जबकि एक किलो चांदी की कीमत 3,988 रुपये बढ़कर 1.47 लाख रुपये हो गई है। इससे पहले चांदी 9,680 रुपये सस्ती होकर 13 महीने के निचले स्तर 1.43 लाख रुपये प्रति किलो और 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3,907 रुपये घटकर 1.21 लाख रुपये पर आ गया था।

विशेषज्ञों का कहना है कि हालिया गिरावट के बाद अब सोने-चांदी में खरीदारी बढ़ने लगी है, जिससे आने वाले दिनों में कीमतों में और तेजी आ सकती है। हालांकि, मौजूदा उतार-चढ़ाव को देखते हुए फिलहाल इनमें एकमुश्त खरीदारी या निवेश से बचने की सलाह दी



गई है। बाजार जानकारों के अनुसार, शहरों के बीच दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन और सुरक्षा खर्च जुड़ने से कीमतों पर असर पड़ता है। दक्षिण भारत में करीब 40 प्रतिशत खपत के बावजूद ज्वेलर्स को बड़ी खरीद पर सीमित छूट ही मिल पाती है। इसके अलावा राज्य व शहर के ज्वेलरी एसोसिएशन स्थानीय मांग-सप्लाई के हिसाब से भाव तय करते हैं और ज्वेलर्स का पुराना स्टॉक व खरीद मूल्य भी ग्राहकों को मिलने वाले अंतिम रेट को प्रभावित करता है।

मस्क व शॉटवेल भी देंगे निजी हिस्सेदारी

## स्पेसएक्स लाखों अमेरिकी बच्चों के ट्रम्प अकाउंट में देगी एक-एक शेयर

मृदुभाषी। नई दिल्ली

स्पेसएक्स ने लाखों अमेरिकी बच्चों को अपनी कंपनी का शेयर देने की घोषणा की है, जिसके तहत प्रत्येक सक्रिय ट्रम्प अकाउंट में कंपनी का एक नया शेयर दिया जाएगा। इस पहल में स्पेसएक्स के साथ-साथ सीईओ इलॉन मस्क और प्रेसिडेंट व सीओओ ग्विन शॉटवेल भी अपने स्तर से निजी शेयर देंगे। बुधवार को नैस्डैक पर स्पेसएक्स का शेयर 127 डॉलर पर बंद हुआ था।

योजना के अनुसार, हर एक्टिव ट्रम्प अकाउंट के लिए स्पेसएक्स एक नया क्लास-ए कॉमन स्टॉक शेयर जारी करेगी और उतने ही शेयर इलॉन मस्क निजी तौर पर देंगे, जबकि ग्विन शॉटवेल 20 लाख से अधिक निजी शेयर देंगी। ट्रम्प अकाउंट अमेरिकी बच्चों की दीर्घकालिक बचत और शुरुआती



निवेश के लिए बने टैक्स-फायदे वाले खाते हैं। अक्टूबर में मस्क ने एक्स पर हर अमेरिकी बच्चे को एक शेयर देने का वादा किया था, जिसे अब कंपनी और शीर्ष नेतृत्व के योगदान से औपचारिक रूप मिला है। कंपनी का कहना है कि अगली पीढ़ी को भविष्य की तकनीक व ढांचा बनाने के सफर से जोड़ने के लिए यह कदम उठाया गया है, ताकि युवा वर्ग को आगे चलकर लाभ मिल सके और कम उम्र से ही निवेश व शेयर बाजार की समझ विकसित हो सके। इससे लाखों बच्चों के खातों में हिस्सेदारी जुड़ने से उन्हें लंबी अवधि में संपत्ति निर्माण की शुरुआती बढ़त मिल सकती है।

### जेट-एयरवेज के स्टाफ को 480 करोड़ ग्रेच्युटी ब्याज समेत मिलेगी

**नई दिल्ली।** 7 साल की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद जेट एयरवेज के कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। NCLAT ने आदेश दिया है कि पात्र कर्मचारियों को 2 हफ्ते के भीतर ब्याज समेत ग्रेच्युटी का पैसा दिया जाए। कुल 480 करोड़ की ग्रेच्युटी सीधे कर्मचारियों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। इसके अलावा, PF का पैसा पीएफ ऑफिस के जरिए उनके खातों में जमा करना होगा। NCLAT के आदेश के मुताबिक, 2 हफ्ते में ब्याज के साथ ग्रेच्युटी का पैसा जारी करना होगा। ग्रेच्युटी की रकम सीधे कर्मचारियों के बैंक खाते में आएगी, जबकि PF का पैसा EPF ऑफिस के जरिए खातों में जमा होगा। अभी पूरे आदेश की डिटेल कॉपी आने का इंतजार है।

भारतीय पेशेवरों पर असर

## आईबीएम ने वर्क वीजा व ग्रीन कार्ड स्पॉन्सरशिप रोकी

मृदुभाषी। नई दिल्ली

टेक कंपनी आईबीएम ने अमेरिका में अपने कंसल्टिंग डिवीजन के अधिकांश पदों के लिए एच-1बी वर्क वीजा और ग्रीन कार्ड स्पॉन्सरशिप बंद करने का निर्णय लिया है। इस डिवीजन में 1.50 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं और इस फैसले का सीधा असर अमेरिका के टेक क्षेत्र में काम कर रहे हजारों भारतीय पेशेवरों पर पड़ने की संभावना है।

कंपनी ने प्रभावित कर्मचारियों को तुरंत बर्खास्त करने के बजाय बदलाव के लिए 31 दिसंबर 2026 तक का समय दिया है। इसके तहत कर्मचारियों के पास दो विकल्प हैं कि वे अमेरिका छोड़कर किसी अन्य देश से कंपनी के लिए काम जारी रखें या फिर नौकरी छोड़ दें। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी कंपनियों द्वारा विदेशी कर्मचारियों को काम करने के लिए वर्क वीजा दिलवाने की प्रक्रिया को एच-1बी स्पॉन्सरशिप कहा जाता है, जबकि स्थायी निवास यानी परमानेंट रेजिडेंसी के लिए आवेदन करने को ग्रीन कार्ड स्पॉन्सरशिप कहते हैं। IBM कंसल्टिंग में दुनिया भर में 1.50 लाख से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं।

### प्रधान डाकघर से लेकर शाखा डाकघर तक एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएंगे सभी कार्यालय, पीएलआई सेवाओं का भी होगा एकीकरण

# डाकघरों की कार्यप्रणाली होगी हाईटेक, लागू हुआ इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**धार।** डाक सेवाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और कार्यालयीन कार्यप्रणाली को अधिक सुगम एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में भारतीय डाक विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी क्रम में धार प्रधान डाकघर सहित डाकघरों में इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम (आईएमएस) लागू कर दिया गया है।

नई व्यवस्था के तहत अब प्रधान डाकघर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के शाखा डाकघर तक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ेंगे। इससे डाक विभाग के कामकाज में तकनीकी एकरूपता आने के साथ ही विभिन्न सेवाओं के संचालन और आपसी समन्वय को भी मजबूती मिलेगी। प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर ने बताया कि इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं और कार्यालयीन गतिविधियों को एक ही डिजिटल व्यवस्था के तहत संचालित करने की सुविधा मिलेगी। अभी तक अलग-अलग स्तरों पर



संचालित होने वाले कार्यों को इस प्रणाली से एकीकृत करने में मदद मिलेगी। इसका उद्देश्य विभागीय कामकाज को व्यवस्थित करने के साथ कार्य निष्पादन को अधिक प्रभावी बनाना है।

#### पीएलआई की प्रक्रियाएं भी डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ीं

नई व्यवस्था की खास बात यह है कि पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस के केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र को भी इस प्रणाली से जोड़ा गया है। इससे डाक जीवन बीमा से संबंधित प्रक्रियाओं के संचालन में डिजिटल समन्वय को बढ़ावा मिलेगा। विभागीय स्तर पर सूचनाओं और कार्यों का बेहतर प्रबंधन संभव हो सकेगा। अधीक्षक डाकघर, धार संभाग ने इस पहल को डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय डाक विभाग बदलते समय और तकनीकी जरूरतों के अनुरूप अपनी कार्यप्रणाली में लगातार बदलाव कर रहा है।

#### डाक सेवाओं में डिजिटल एकीकरण को मिलेगा बढ़ावा

आईएमएस लागू होने से डाकघरों के विभिन्न स्तरों के बीच समन्वय बेहतर बनाने और कार्यों के निष्पादन को अधिक व्यवस्थित करने में सहायता मिलेगी। खासकर प्रधान डाकघर से ग्रामीण शाखा डाकघरों तक एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म की उपलब्धता विभागीय कामकाज को नई दिशा देगी।

यह पहल डाक विभाग को पारंपरिक कार्यप्रणाली से आधुनिक डिजिटल व्यवस्था की ओर ले जाने के साथ उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा अनुभव उपलब्ध कराने में अहम साबित हो सकती है।

# सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पड़ी भारी, वेतन काटने के दिए गए निर्देश

### कलेक्टर ने की 100 से अधिक शिकायतें लंबित रखने वाले विभागों पर सख्ती, सुबह-शाम होगी मॉनिटरिंग

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**धार।** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही अब अधिकारियों को भारी पड़ सकती है। शिकायतों के निराकरण में ढिलाई और बैठक से बिना सूचना गायब रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारी के एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए, वहीं जनजातीय कार्य विभाग को निर्धारित समय में शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर संबंधित अधिकारी का तीन दिन का वेतन काटने की चेतावनी दी।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि 100 से अधिक शिकायतें लंबित रखने वाले विभागों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संतोषजनक निराकरण नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अखिलेश कुमार जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार लंबित शिकायतों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में शिकायतें लंबित रहने से जिले की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग प्रभावित हो रही है। ऐसे में सभी अधिकारी प्रतिदिन सुबह और शाम शिकायतों की



मॉनिटरिंग करें और प्रत्येक शिकायत के निराकरण की प्रगति पर नजर रखें।

#### बिना सूचना बैठक से गायब अधिकारी का कटेगा एक दिन का वेतन

बैठक में उद्यानिकी विभाग के अधिकारी के बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं जनजातीय कार्य विभाग को शनिवार तक कम से कम 50 लंबित शिकायतों का निराकरण करने का लक्ष्य दिया गया। निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं होने पर संबंधित अधिकारी का तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने दो टूक कहा कि शिकायतों को लंबित रखना या केवल कागजों में निराकरण दिखाना स्वीकार नहीं किया जाएगा।

#### फोर्स क्लोज नहीं, आवेदकों की संतुष्टि जरूरी

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान धार, सरदारपुर, बदनावर, पीथमपुर और नालछा सहित जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शिकायतों को केवल फोर्स क्लोज करने के बजाय आवेदक की संतुष्टि के आधार पर बंद कराया जाए। सभी तहसीलदारों को शनिवार तक लंबित शिकायतों में 25 प्रतिशत और सोमवार तक 40 प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने का लक्ष्य दिया गया। साथ ही शीर्ष 10 शिकायतों को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए। राजस्व अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि जिले में कुल लंबित शिकायतों की संख्या 500 से अधिक नहीं हो।

#### 23 बंद नल-जल योजनाएं तत्काल चालू करने के निर्देश

पेयजल व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जिले में बंद पड़ी 23 नल-जल योजनाओं का मुद्दा सामने आया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मरम्मत कर योजनाएं दोबारा शुरू कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि मरम्मत कार्य के लिए प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है। इस पर कलेक्टर ने कहा कि पेयजल संबंधी शिकायतों का निराकरण केवल कार्यालय में बैठकर दर्ज नहीं किया जाए, बल्कि मौके पर जाकर स्थल परीक्षण करने के बाद ही कार्रवाई पूरी मानी जाए। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा में समग्र पोर्टल पर ई-केवाईसी नहीं होने से जुड़ी शिकायतों पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने तकनीकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा वहां प्राप्त शिकायतों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

#### खनिज से लेकर ऊर्जा और शिक्षा विभाग तक की समीक्षा

बैठक में खनिज विभाग को अभियान शुरू होने से अब तक निराकृत शिकायतों का पूरा विवरण प्रस्तुत करने और शेष प्रकरणों का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। नर्मदा घाटी विकास विभाग में भू-अर्जन से संबंधित लंबित मामलों को भी प्राथमिकता से निपटाने को कहा गया। इसके अलावा ऊर्जा, स्कूल शिक्षा और खाद्य विभाग की शिकायतों की भी समीक्षा की गई।कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए विभागवार कार्ययोजना बनाएं। शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई से संतुष्ट करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी

# युवक से परेशान छात्रा ने जहर खाकर जान दी



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**डबरा।** सर्वा गांव में एक 19 वर्षीय बीएससी एग्रीकल्चर की छात्रा ने कथित तौर पर एक मनचले की हरकतों से परेशान होकर अपने ही घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने के बाद छात्रा की मौत हो गई।

भितरवार अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले सर्वा गांव में प्रशांत कुशवाह निवासी नयागांव,करहिया भितरवार अपने रिश्तेदार के यहां आया करता था। इसी गांव में पड़ोस में रहने वाली छात्रा पर बुरी नीयत डालने लगा और उसे परेशान करने लगा। जिसकी शिकायत परिजनों से करने पर उन्होने युवक को समझाया लेकिन वह नहीं माना। जिससे तंग आकर छात्रा रोशनी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों को इस बात का पता चला तो वह छात्रा को सिविल हॉस्पिटल डबरा लेकर आए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# अंडे के ठेले पर विवाद के बाद छत से फायरिंग, एक घायल



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**डबरा।** ग्वालियर जिले के डबरा क्षेत्र के पठा पनिहार गांव में बुधवार रात अंडे के ठेले पर शुरू हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और फायरिंग की घटना सामने आई है। इस घटना में वासुदेव परिहार (43) के पैर में चोट आई है। पुलिस ने मौके से चार आरोपी को राउंडअप किया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार, वासुदेव पुत्र अमर सिंह परिहार ने बताया कि उनका भतीजा कालू परिहार अंडे के ठेले पर सामान लेने गया था। इसी दौरान आकाश रजक वहां पहुंचा और विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर वासुदेव मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर दोनों को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि इसके बाद आकाश अपने साथियों अंकित रजक, विपिन, , और कमलेश आकाश अंकित विपिन आदित्य कमलेश आदित्य के साथ मकान की छत पर चढ़ गया और वहां से फायरिंग शुरू कर दी। घायल वासुदेव का आरोप है कि आकाश ने राइफल से गोली चलाई, जो उनके पैर में लगी, जबकि अन्य लोगों ने भी अवैध हथियारों से फायरिंग की। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है।

#### चार आरोपी को राउंडअप कर लिया गया है

गोलीबारी की सूचना मिलते ही डबरा एसडीओपी सौरव कुमार, शहर थाना प्रभारी संजय शर्मा पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार हुआ। थाना प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि चार आरोपी को राउंडअप कर लिया गया है और शेष आरोपियों की तलाश में गांव के आसपास के खेतों में सर्चिंग की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि घायल को गोली नहीं लगी है या किसी अन्य वस्तु से चोट आई है, यह चिकित्सकीय रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो पाएगा।

# दिवस पर ली संविधान की शपथ

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**कसरावद ।** गुरुवार को नगर में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर परनगर परिषद प्रांगण में स्थापित भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के स्टैचू पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर संविधान की जानकारी उपस्थितजनों को देते हुए बताया गया कि संविधान ने हमे कई अधिकार प्रदान किए है। प्रत्येक नागरिक को संविधान का सम्मान करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान पदमसिंह जमरे द्वारा समस्त उपस्थित समाज



जनों को संविधान की शपथ दिलाई गई साथ ही संविधान की उद्देशिका का वितरण भी किया गया उक्त कार्यक्रम में समाज के गुलाबसिंह देवले, उमेश सिंह ठाकुर, नानसिंह मंडलोई, संतोष पीपल्दे, एस एस उपाध्याय, मंसाराम हिंगोले, दिनेश खेड़े, अनिल चौहान, प्रेम गांगले एवं अन्य समाजजन उपस्थित थे।

# खड़े ट्रक में भिड़ा लकड़ी से लदा ट्रक, चालक और खलासी की मौत

### कोतमा के बुरहानपुर रोड पर रात 2 से 3 बजे के बीच हुआ भीषण हादसा, ओडिशा से लकड़ी लेकर अनूपपुर की ओर जा रहा था ट्रक

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**अनूपपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोतमा के बुरहानपुर रोड पर बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में ट्रक चालक और उसके सहयोगी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसा इतना भीषण था कि एक तरह से दोनों वाहनों का कचूमर तक निकल गया है। हादसे के कारण काफी देर तक यातायात भी बाधित रहा। बाद में पुलिस मौके पर पहुँची और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

जानकारी के अनुसार, ओडिशा से लकड़ी लोड कर अनूपपुर की ओर जा रहा एक ट्रक रात करीब 2 से 3 बजे के बीच बुरहानपुर रोड पर सड़क किनारे खड़े दूसरे ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चालक एवं सहयोगी गंभीर रूप से फंस गए। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही कोतमा पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने दोनों मृतकों के संबंध में वैधानिक प्रक्रिया पूरी करते हुए दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

#### सुरक्षा व्यवस्था पर फिर उठे सवाल

इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों से होने वाले खतरे को उजागर कर दिया है। आखिर किन परिस्थितियों में यह दुर्घटना हुई और सड़क किनारे खड़ा ट्रक हादसे की वजह कैसे बना, इन सभी पहलुओं की जांच पुलिस कर रही है।



**ज्योतिष** नवंबर के आखिर में कुछ राशियों के लिए अच्छी खबर

# पांच राशि वालों की बदल सकती है किस्मत

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**धार।** ज्योतिष में शुक्र को धन, वैभव, प्यार, शादी और सुख-सुविधाओं का कारक माना जाता है। इसलिए, शुक्र के इस राशि परिवर्तन का असर फाइनेंशियल स्थिति, नौकरी, बिजनेस और पर्सनल रिश्तों पर पड़ने की संभावना है। शुक्र 22 नवंबर से 1 जनवरी, 2027 तक तुला राशि में रहेगा। नवंबर के आखिर में कुछ राशियों के लिए अच्छी खबर आ सकती है।

ज्योतिष अशोक शास्त्री के अनुसार, शुक्र 22 नवंबर, 2026 को एक बार फिर तुला राशि में जाएगा। खास बात यह है कि तुला राशि शुक्र की अपनी राशि है, इसलिए इस राशि में इसकी स्थिति मजबूत मानी जाती है। इससे पहले शुक्र कन्या राशि में गया था। अब,




जब यह वापस तुला राशि में आ गया है, तो इसके गोचर का असर कुछ राशियों पर देखा जा सकता है। ज्योतिष में शुक्र को धन, वैभव, प्यार, शादी और सुख-सुविधाओं का कारक माना जाता है। इसलिए, शुक्र के इस राशि परिवर्तन का असर फाइनेंशियल स्थिति, नौकरी, बिजनेस और पर्सनल रिश्तों पर पड़ने की संभावना है। शुक्र 22 नवंबर से 1 जनवरी, 2027 तक तुला राशि में रहेगा।

#### शुक्र का तुला राशि में रहना अच्छा माना जाता है

शुक्र तुला और वृषभ दोनों राशियों का स्वामी है। इसलिए, शुक्र का तुला राशि में रहना अच्छा माना जाता है। यह राशि प्यार, पार्टनरशिप, रिश्तों और लग्जरी से जुड़ी है। चूंकि शुक्र अपनी वक्री चाल पूरी करके तुला राशि में लौट रहा है, इसलिए ज्योतिष की दृष्टि से इस गोचर को खास महत्व दिया जा रहा है। तुला राशि वालों की पर्सनैलिटी में पॉजिटिव बदलाव देखने को मिल सकते हैं। कर्क राशि वालों के घर के आराम बढ़ सकते हैं, जबकि सिंह राशि वालों को नए कॉन्टैक्ट से फायदा होगा। वृश्चिक राशि वालों को खर्चों पर कंट्रोल रखना चाहिए। मकर राशि वालों को करियर में मौके मिल सकते हैं। कुंभ राशि वालों के लिए ट्रैवल और हायर एजुकेशन जरूरी होगी। मीन राशि वालों को फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन में सावधान रहना चाहिए।

#### इन राशि में फायदा

1. **मेष:** शादीशुदा जिंदगी में टेंशन कम हो सकती है और जीवनसाथी के साथ रिश्ते बेहतर हो सकते हैं। पार्टनरशिप में बिजनेस करने वालों को फायदा होने की संभावना है। शादी की कोशिश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। 2. **वृष:** काम का स्ट्रेस कम हो सकता है। नौकरी बदलने की कोशिशें सफल होने की संभावना है। विरोधियों की परेशानियां दूर हो सकती हैं। हालांकि, खर्चों पर कंट्रोल करना जरूरी है। 3. **मिथुन:** स्टूडेंट्स को पढ़ाई में अच्छे रिजल्ट मिल सकते हैं। लव रिलेशनशिप में गलतफहमियां दूर होने की संभावना है। राइटिंग, मीडिया और आर्ट के फील्ड में काम करने वाले लोगों को नए मौके मिल सकते हैं। 4. कन्या: अटका हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है। परिवार के मसले सुलझ सकते हैं। नौकरी और बिजनेस में नए कॉन्टैक्ट फायदेमंद हो सकते हैं। 5. **धनु:** इनकम में बढ़ोतरी के संकेत हैं। नौकरी में प्रमोशन या सैलरी बढ़ने का मौका मिल सकता है। बिजनेसमैन को नए क्लाइंट मिलने की संभावना है

# 36 लाख की अवैध शराब तस्करी का फरार आरोपी बेटमा से गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**धार।** आबकारी विभाग की टीम ने करीब 36 लाख रुपए की अवैध शराब तस्करी के बड़े मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

आरोपी बीते वर्ष सितंबर में पकड़ी गई 480 पेटी अवैध शराब के मामले में मुख्य आरोपियों में शामिल था और घटना के बाद से ही गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। कार्रवाई कलेक्टर राजीव रंजन मीणा के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त दीपक अवस्थी के मार्गदर्शन में की गई। आबकारी उप निरीक्षक मुनेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि बीते वर्ष सितंबर माह में आबकारी वृत्त सागौर की टीम ने 480 पेटी शराब जब्त की थी। जब्त शराब की बाजार कीमत करीब 36 लाख रुपए आंकी गई थी। इस मामले में ग्राम चिकलौंदा, जिला धार निवासी विजय पिता तेजराम चौहान मुख्य आरोपी के रूप में सामने आया था।

#### मुखबिर की सूचना पर बेटमा में दी दबिश

आबकारी विभाग को अलसुबह मुखबिर से सूचना मिली कि फरार आरोपी विजय इंदौर जिले के



बेटमा थाना क्षेत्र में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही अधिकारियों को अवगत कराया गया और तत्काल टीम गठित कर बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। टीम ने क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी से अवैध शराब की तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं, शराब की आपूर्ति, इसमें शामिल लोगों और नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की गई। विभाग अन्य मामलों में भी उसकी संलिप्तता की जानकारी जुटा रहा है। पूरी कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक मुनेंद्र सिंह जादौन के साथ नारायण भावलकर, संजय मंसारे, रीना भडोले और सुरेश चोंघड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब तस्करी में शामिल लोगों को लेकर जांच आगे बढ़ने की उम्मीद है।

### 32वें निमाड़ उत्सव के दूसरे दिन देर रात 12:30 बजे तक चला निमाड़ी कवि सम्मेलन, कवियों ने अपनी रचनाओं से बांधा समां

# संत सिंगाजी की महिमा और निमाड़ी गणगौर की प्रस्तुति ने मोहा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**महेश्वर।** माँ अहिल्या की पावन नगरी महेश्वर में आयोजित तीन दिवसीय 32वें निमाड़ उत्सव के दूसरे दिन नर्मदा तट पर लोक-संस्कृति, आध्यात्म और निमाड़ी साहित्य का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में संत सिंगाजी महाराज की महिमा और निमाड़ी गणगौर की परंपरा पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ निमाड़ी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। देर रात 12:30 बजे तक चले कवि सम्मेलन में कवियों ने हास्य, व्यंग्य, भक्ति और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

दूसरे दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत भोपाल के निर्देशक चंद्रमाधव पारिक के निर्देशन में प्रस्तुत नृत्य-नाट्य ह्यखेती खेड़ो हरिनाम की से हुई। इसमें संत सिंगाजी महाराज की आध्यात्मिक महिमा, लोकजीवन से उनके जुड़ाव और निमाड़ी गणगौर की सांस्कृतिक परंपरा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति ने दर्शकों को निमाड़ की भक्ति, लोककला और परंपराओं से रूबरू कराया।



**निमाड़ी व्यंजनों और महेश्वर के घाटों के सौंदर्य का वर्णन**

इसके पश्चात आयोजित निमाड़ी कवि सम्मेलन में निमाड़ अंचल के विभिन्न क्षेत्रों से आए कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांधा। महेश्वर के हरीश दुबे ने निमाड़ की पावन धरा और माँ नर्मदा के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए लोक-आस्था से जुड़े भट्याण और प्रसाद के महत्व को अपनी रचना में पिरोया। कसरावद के गौतम रावल ने निमाड़ की सांस्कृतिक समृद्धि और नए निमाड़ी गीतों के माध्यम से अंचल की विशेषताओं को प्रस्तुत किया। ईटावदी के मनीष पाटीदार ने बुजुर्ग माता-पिता के सम्मान और परिवार में उनके महत्व का संदेश दिया। इसी क्रम में घेगाव के राजेश प्रजापत ने मां नर्मदा के निर्मल जल, निमाड़ी व्यंजनों और महेश्वर के घाटों के सौंदर्य का वर्णन किया।

**निमाड़ की माटी को नमन**

बड़ूद के पारस बिरला ने संत सिंगाजी, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के सुशासन, संत सियाराम बाबा और दादा धूनीवाले के योगदान का स्मरण करते हुए निमाड़ की माटी को नमन किया। भीकनगांव के कृष्णपाल सिंह राजपूत इगरिया ने निमाड़ी गीतों के माध्यम से ग्रामीण जीवन और पारिवारिक रिश्तों को अभिव्यक्त किया, जबकि खरगोन के छोगालाल कुमरावत सुजस ने अन्याय और वचनभंग के विरुद्ध अपनी रचना के माध्यम से विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में सनावद के डॉ. शैलेंद्र चोकड़े, बड़वानी की जीवनलता शर्मा और करही के राजेश वर्मा सहित अन्य कवियों ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं की खूब दाद बटोरी।कार्यक्रम में महेश्वर विधायक श्री राजकुमार मेव, भगवानपुरा के पूर्व विधायक श्री जमना सिंह सोलंकी, मंडल अध्यक्ष श्री विक्रम पटेल, वरिष्ठ नेता श्री सीताराम ठाकुर चोली, मण्डलेश्वर मंडल उपाध्यक्ष श्री विलास ठाकुर, जनजातीय लोक कला अकादमी भोपाल के निदेशक तथा तहसीलदार श्री कैलाश सस्त्या सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## माँ बगलामुखी के दरबार में पहुंचे विवेक ओबेरॉय

**अभिनेता ने हवन कर लिया आशीर्वाद**



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**नलखेड़ा।** नगर स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा पीठ मां बगलामुखी मंदिर में बुधवार दोपहर बॉलीवुड अभिनेता विवेक आनंद ओबेरॉय पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से मां बगलामुखी के दर्शन-पूजन किए और विशेष हवन अनुष्ठान कर आहुतियां दीं। इस दौरान उन्होंने सुख-समृद्धि और मंगलकामना के साथ माता का आशीर्वाद लिया। मंदिर के मुख्य पुजारी ने उन्हें आशीर्वाद स्वरूप माता की चुनरी ओढ़ाई।अभिनेता विवेक ओबेरॉय के साथ मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा भी मौजूद रहे। मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद दोनों समीप स्थित आश्रम पहुंचे। यहां विवेक ओबेरॉय ने पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के अनंत विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संदीपेंद्र गिरी महाराज से शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

उल्लेखनीय है कि नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है। यह भक्तों की विशेष आस्था का केन्द्र है। दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या मां बगलामुखी के इस सिद्धपीठ में देशभर से श्रद्धालु दर्शन-पूजन और विशेष हवन-अनुष्ठान के लिए पहुंचते हैं। अभिनेता विवेक ओबेरॉय के आगमन की जानकारी मिलने पर स्थानीय श्रद्धालुओं और प्रशंसकों में भी उत्साह रहा।

## चांदपुर छात्रावास की व्यवस्था से नाराज छात्राएं सड़कों पर उतरी

**कलेक्टर नीतू माथुर ने सुनी पीड़ा, अधीक्षक को हटाने के दिए निर्देश**



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**आलीराजपुर।** हॉस्टल अधीक्षक की कार्यप्रणाली एवं लापरवाही के चलते अब चांदपुर आश्रम की छात्राएं सड़क पर उत्तर आई। 6 किलोमीटर चलने के बाद कलेक्टर ने समझाइश देकर वापस हॉस्टल भेजा जहां पर कलेक्टर ने सभी छात्रों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

जानकारी के अनुसार हॉस्टल अधीक्षक की लापरवाही एवं व्यवस्था से नाराज नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास की बालिकाएं कलेक्टर को शिकायत करने के लिए लगभग 6 किलोमीटर पैदल मार्च कर निकल पड़ी इसी दौरान एसडीएम निधि मिश्रा और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचा उन्होंने छात्रों से चर्चा की। इसी दौरान कलक्टर श्रीमती नीतू माथुर भी मौके पर पहुंची और छात्राओं को वापस चांदपुर आश्रम भेज कर सभी असंतुष्ट छात्रों से चर्चा करते हुए उनकी मांगों के समस्याओं का निराकरण कारण की निर्देश दिए।

**अधीक्षक नहीं देती है खाना**

छात्राओं से मिली जानकारी के अनुसार हॉस्टल अधीक्षक बच्चों को खाना नहीं देती है वही अन्य सुविधाओं के संदर्भ में भी अपनी बात कलेक्टर को बताई। हॉस्टल अधीक्षक का मोनिका निगवाल का कहना है कि छात्राओं को सभी सुविधाएं दी जा रही थी । लेकिन छात्राएं ऐसा क्यों कर रही है । मुझे जानकारी नहीं है। अधीक्षक के अनुसार मुझे लगता है की छात्राएं किसी के कहने पर यह काम कर रही है मैं छात्राओं को सभी सुविधाएं और देते उनका पर्याप्त ध्यान रख रही हूं। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने कहा कि छात्राओं की छोटी-मोटी जो शिकायत थी । उसके निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। हॉस्टल अधीक्षक को हटाकर किसी अन्य को प्रभार दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## संवरेगा पंधाना का बस स्टैंड इंदौर की टीम ने किया निरीक्षण



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**खंडवा।** पंधाना के नवीन बस स्टैंड को आधुनिक सुविधाओं से युक्त और व्यवस्थित स्वरूप देने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी क्रम में इंदौर के आर्किटेक्ट श्री शिंदे की विशेष टीम ने बस स्टैंड परिसर का दौरा कर पूरे क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम ने यात्रियों की सुविधाओं और प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं से चर्चा की।

भाजपा प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि पंधाना विधायक छाया मोरे की पहल पर बस स्टैंड के कायाकल्प की योजना तैयार की जा रही है। निरीक्षण के दौरान यात्रियों के लिए बेहतर प्रतीक्षालय, आवागमन की सुविधा, परिसर की व्यवस्थित संरचना और सौंदर्यीकरण जैसे विषयों पर विस्तृत रूपरेखा बनाने को लेकर विचार-विमर्श हुआ। प्रस्तावित योजना के तहत बस स्टैंड को नए डिजाइन और आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित करने की तैयारी है। इससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ बस स्टैंड परिसर भी व्यवस्थित और आकर्षक बन सकेगा।इस दौरान मध्यप्रदेश भाजपा मीडिया पैनलिस्ट श्याम गंगराड़े, मुकेश जायसवाल, सुनील जायसवाल, अन्ना सागले सहित स्थानीय व्यापारी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खड़े ट्रक में घुसी तेज रफ्तार बाइक

**युवक की हुई मौत, एनएच 43 पर हुआ हादसा**

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**अनूपपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर गुरुवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। शुक्ला ढाबा के समीप पंचर बनवाने के लिए सड़क किनारे खड़े ट्रक में तेज रफ्तार बाइक जा भिड़ी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक ने हेलमेट नहीं पहना था, जिसके चलते उसके सिर में गंभीर चोटें आईं।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार 26 नवंबर की शाम करीब 4:30 बजे एनएच-43 पर शुक्ला ढाबा के पास ट्रक क्रमांक एमपी 15 एचए 1445 का पंचर बनाया जा रहा था। इसी दौरान मनेंद्रगढ़ की ओर से आ रही बाइक क्रमांक एमपी 65 जेडसी 1787 सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक



चालक शुभम यादव ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल 112 और 1033 पर सूचना देकर पुलिस एवं एंबुलेंस की मदद मांगी। इसके बाद 1033 की सहायता से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा पहुंचाया गया। मृतक की पहचान शुभम यादव, पिता का नाम अज्ञात, माता सीमा यादव, निवासी कुशियारा फाटक, जमुना के रूप में बताई गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक अनूपपुर थर्मल पावर प्लांट में गार्ड की नौकरी के सिलसिले में गया था। इसी दौरान यह दर्दनाक हादसा हो गया।

**हेलमेट नहीं पहनना बना गंभीर चिंता का विषय**

इस हादसे ने एक बार फिर दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हेलमेट न पहनना सड़क दुर्घटनाओं में जानलेवा साबित हो सकता है। थोड़ी सी लापरवाही जिंदगी भर का दर्द दे सकती है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## आखिर पिंजरे में कैद तेंदुआ ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**धार।** जिले के कुक्षी क्षेत्र के ग्राम मोगरा में पिछले कुछ दिनों से तेंदुए की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था। ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई और तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया। वन विभाग की सतर्कता और लगातार प्रयासों के बाद 26 नवंबर को एक तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

हालांकि क्षेत्र में अन्य तेंदुओं की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद वन विभाग ने निगरानी और गश्त बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार, बाग परिक्षेत्र अंतर्गत वन बीट खेड़ली के ग्राम मोगरा में 19 नवंबर को तेंदुए द्वारा एक बकरी पर हमला किए जाने की सूचना वन विभाग को मिली थी। सूचना मिलते ही विभागीय टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की। ग्रामीणों को तेंदुए की गतिविधियों से सतर्क रहने तथा सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश भी दिए गए। वहीं नियमानुसार मुआवजे की प्रक्रिया भी पूरी की गई।

**ड्रोन से निगरानी के बाद पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ**

क्षेत्र में तेंदुए की लगातार आवाजाही को देखते हुए वन विभाग ने रेस्क्यू की रणनीति तैयार की। 24 नवंबर को बड़े तालाब के पास तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया। इसके बाद 25 नवंबर को ड्रोन के माध्यम से सर्च ऑपरेशन चलाकर तेंदुए की लोकेशन और गतिविधियों पर नजर रखी गई। विभाग की सतत निगरानी के बीच 26 नवंबर को तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के साथ रेस्क्यू की कार्रवाई की।

## भाजपा ने लिया संविधान रक्षा का संकल्प

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**खंडवा।** संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर का स्मरण कर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने संविधान में निहित मूल्यों, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए संविधान की रक्षा का संकल्प लिया।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में संविधान के मूल सिद्धांतों न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व को आत्मसात करने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने संविधान निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के सदस्यों के योगदान को याद करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने



अपने संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। साथ ही संविधान की मूल भावना के अनुरूप समाज में समानता, सद्भाव और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

**संविधान जितना लचीला, उतना ही कठोर**

अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर के नेतृत्व में बाबा भीमराव अम्बेडकर के भारतीय संविधान के निर्माण में दिए योगदान के बारे में पार्टी कार्य कताओं को वृहद बैठक में माध्यम से बताया। तोमर ने कहा हिंदुस्तान का संविधान जितना लचीला है। उतना ही कठोर भी हे ये दुनिया के सबसे बड़े प्रजातांत्रिक देश होने का गौरव ,एवं गर्व हमको प्रदान करता हे। सुनील जैन ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर के साथ ही पंधाना विधायक छाया मोरे,पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा,पूर्व जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, सूरजपाल सिंह सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष तपन डोंगरे,जिला उपाध्यक्ष प्रियांशु चौरे,प्रशांत मिश्रा, प्रवक्ता सुनील जैन, कार्यालय प्रभारी आशीष राजपूत,भरत पटेल, सोमनाथ काले, ओमकार जायसवाल एवं जिला मीडिया प्रभारी मंगलेश सिंह तोमर उपस्थित रहे।

**ज्ञापन** 137 प्लॉटों की बुकिंग हुई निरस्त, निवेशकों ने सौपा ज्ञापन

## इंडस्ट्रियल क्षेत्र में प्लॉट बुकिंग निरस्त होने पर आक्रोश

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**आगर मालवा।** आगर जिला मुख्यालय स्थित औद्योगिक क्षेत्र (इंडस्ट्रियल हब) फेस-1 व फेस-2 में पूर्व में पहले आओ, पहले पाओ (एफसीएफएस) प्रक्रिया के तहत बुक किए गए 137 प्लॉटों का आवंटन निरस्त किए जाने के विरोध में स्थानीय निवेशकों और आवेदकों ने मोर्चा खोल दिया है। 25 नवंबर 2026 को स्थानीय निवेशकों व आवेदकों ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्टोरेट में अपर कलेक्टर शालिनी श्रीवास्तव को सौंपकर निर्णय पर पुनर्विचार करने और पूर्व की बुकिंग को यथावत रखने की मांग की है।

ज्ञापन में स्थानीय आवेदकों व निवेशकों ने बताया कि मध्यप्रदेश



शासन की नई औद्योगिक नीति के तहत स्थानीय स्तर पर उद्योग और रोजगार सृजन के उद्देश्य से आगर जिला मुख्यालय में इंडस्ट्रियल हब फेस-1 व फेस-2 विकसित किए गए हैं। इसी क्रम में एमपीआईडीसी के नियमों के अनुरूप इन्वेस्ट पोर्टल पर एफसीएफएस प्रक्रिया के माध्यम से प्लॉट बुकिंग के लिए आवेदन मंगाए गए थे। निवेशकों के अनुसार, उन्होंने नियमों के तहत आवेदन कर बुकिंग अमानत राशि जमा की थी।

**60 दिनों के भीतर जमा करना थी निर्धारित राशि**

इसके बाद एमपीआईडीसी द्वारा आवेदन स्वीकार किए जाने और 60 दिनों के भीतर निर्धारित राशि जमा करने से संबंधित पत्र जारी होने के बाद आवेदकों ने अपने स्तर पर राशि जुटाने व अन्य तैयारियां शुरू कर दी थीं। इसी बीच एमपीआईडीसी के लैंड मैनेजमेंट सेक्शन से प्राप्त सूचना में 13 अक्टूबर 2026 से 4 नवंबर 2026 के बीच की गई सभी एफसीएफएस बुकिंग निरस्त करने और प्लॉटों को टेंडर-कम-ऑक्शन प्रक्रिया से आवंटित करने की जानकारी दी गई। आवेदको ने बताया कि बुकिंग के समय निर्धारित सभी शर्तों, पात्रता और पोर्टल प्रक्रिया का पालन करते हुए पारदर्शी ढंग से आवेदन किया गया था। बुकिंग स्वीकृति की प्रक्रिया के बाद इकाई स्थापना के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने और वित्तीय व्यवस्था की दिशा में कदम बढ़ाए जा चुके थे। प्लॉटों को टेंडर-कम-ऑक्शन में डालने से प्रतिस्पर्धा व बोली की राशि बढ़ने की आशंका है, जिससे स्थानीय व छोटे निवेशकों के लिए उद्योग लगाना कठिन हो सकता है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि इस तरह बुकिंग निरस्त होने से क्षेत्र के औद्योगिक विकास व रोजगार सृजन पर असर पड़ने के साथ ही लोगों में शासन के प्रति विश्वास में कमी की स्थिति बन रही है।

**वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश पर हुई कार्रवाई**

एमपीआईडीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश राठौर ने बताया कि वरिष्ठ कार्यालय के द्वारा उक्त निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगर औद्योगिक क्षेत्र में 13 अक्टूबर के पूर्व जो प्लॉट बुकिंग हुई हैं वह निरस्त नही किए गए है। उनके अलावा 13 अक्टूबर से 4 नवंबर के बीच पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर बुक हुए प्लॉटों को निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इन प्लॉटों की पुनः बुकिंग पारदर्शिता के साथ की जाएगी।

## प्रशासने ने मानपुर में 1.05180 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर से हटाया अतिक्रमण

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**अनूपपुर।** जिले में शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने और सरकारी संपत्तियों के संरक्षण के लिए प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार 26 नवंबर को कलेक्टर रत्नाकर झा के निर्देश पर ग्राम मानपुर में केन्द्रीय विद्यालय से लगी बेशकीमती शासकीय भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम मानपुर स्थित खसरा नंबर 56/1 एवं 56/2 के अंश भाग की कुल 1.05180 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर अनूपपुर निवासी हरिनारायण खेड़िया पिता पुरुषोत्तम दास खेड़िया द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस कार्रवाई को राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं स्थानीय अमले की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया।



**केन्द्रीय विद्यालय से लगी थी शासकीय भूमि**

बताया गया कि उक्त भूमि के संबंध में हल्का पटवारी द्वारा नायब तहसीलदार न्यायालय, वृत्त फुंगा में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। मामले में न्यायालय द्वारा 22 जून 2026 को पारित आदेश के पालन में तहसील अनूपपुर के राजस्व, पुलिस एवं स्थानीय अमले ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। प्रशासन की इस कार्रवाई से केन्द्रीय विद्यालय से लगी महत्वपूर्ण शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर उसके संरक्षण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

जिले में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई आगे भी जारी रहने की बात कही गई है।

# कार-ट्रक भिड़ंत में एक ही परिवार के 6 घायल



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**उज्जैन।** उज्जैन-नागदा मार्ग पर गुरुवार को रूई-गढ़ा गांव के पास कार और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ही परिवार के 6 लोग घायल हो गए। इनमें 3 महिलाएं, 2 पुरुष और एक बच्चा शामिल है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद कार सड़क किनारे झाड़ियों में जा घुसी। सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नागदा की ओर से आ रही कार की उज्जैन की तरफ से जा रहे ट्रक से भिड़ंत हुई। ट्रक में परचूनी का सामान भरा हुआ था। टक्कर के बाद ट्रक के पीछे चल रही एक अन्य कार भी अचानक ब्रेक लगने से ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। हालांकि, दूसरी कार में सवार किसी व्यक्ति को चोट नहीं आई, लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

### ग्रामीणों ने कार में फंसे लोगों को निकाला

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीर मदद के लिए पहुंचे। उन्होंने क्षतिग्रस्त कार में फंसे सभी 6 लोगों को बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया गया।

## श्रद्धालुओं में देखी जा रही है गहरी नाराजगी

# खड़े हनुमान प्रतिमा में दरारों का दावा, प्रदर्शन की चेतावनी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**उज्जैन।** खड़े हनुमान मंदिर की प्रतिमा को लेकर एक बार फिर विवाद और चर्चा तेज हो गई है। मंदिर से जुड़े भक्तों और स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि प्रतिमा में दरारें आने लगी हैं, जिससे श्रद्धालुओं में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। बजरंग दल से जुड़े शालू यादव ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन बार-बार प्रतिमा को हटाने और दूसरी जगह स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। भक्तों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि प्रतिमा को विस्थापित करने की कोई भी कोशिश की गई, तो वे सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

शालू यादव के अनुसार, प्रशासन की ओर से खड़े हनुमानजी की प्रतिमा की कई बार स्कैनिंग कराई जा चुकी है। साथ ही मंदिर का ढांचा भी गिराया गया था। उनका दावा है कि ढांचा हटाए जाने के बाद से प्रतिमा की



स्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

### कई स्थानों पर प्लास्टर उखड़ने लगा है

प्रतिमा के पिछले हिस्से में कई स्थानों पर प्लास्टर उखड़ने लगा है और दरारें भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं। हालांकि मंदिर का मूल ढांचा हटाए जाने के बावजूद प्रतिमा वर्तमान में उसी स्थान पर टेंट के नीचे विराजमान है। शालू यादव ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर प्रशासन से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं ने प्रतिमा को कहीं और ले जाने पर कभी सहमति नहीं दी है, इसके बावजूद प्रशासन लगातार इसे हटाने की कोशिश कर रहा है।

### आधे से पौने घंटे तक की गई थी स्कैनिंग

मंदिर के मुख्य ढांचे को हटाए जाने के तीन महीने बाद रविवार सुबह करीब 6 बजे प्रशासनिक टीम विशेष इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची थी। टीम ने प्रतिमा के आसपास रखी सामग्री हटवाकर लगभग आधे से पौने घंटे तक स्कैनिंग की कार्रवाई की और मंदिर के पुजारी को बुलाकर जांच पूरी की। मंदिर से जुड़े लोगों का कहना है कि इससे पहले 29 सितंबर को भी प्रशासनिक टीम मंदिर पहुंची थी, लेकिन उस जांच की रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है, जिससे लोगों में संशय और असंतोष बढ़ रहा है। मंदिर का मुख्य ढांचा हटाए जाने के बाद प्राचीन प्रतिमा की सुरक्षा के लिए उसके ऊपर कैनोपी यानी टेंट लगाया गया है।

### प्रतिमा को मूल स्थान पर ही सुरक्षित रखने की मांग

भक्तों की मांग है कि प्रतिमा को उसके मूल स्थान पर ही सुरक्षित रखा जाए। कई श्रद्धालु इस स्थिति की तुलना अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से पहले भगवान राम के टेंट में विराजमान रहने के दौर से भी कर रहे हैं। फिलहाल सभी की नजरें प्रशासन के अगले कदम और रविवार को हुई स्कैनिंग की रिपोर्ट सार्वजनिक होने पर टिकी हैं।

# किसानों को तीन गुना मुआवजा की उठी मांग



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**उज्जैन।** सिंहस्थ के दौरान किसानों की जमीन पर अखाड़ों के शिविर लगाए जाने से खेतों की उर्वरता प्रभावित होने के मुद्दे पर महाकाल सेना ने किसानों के हित में आवाज उठाई है। सेना के धर्म प्रकोष्ठ प्रमुख रूपेश मेहता ने गुरुवार को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अखाड़ों की जवाबदेही तय करने और प्रभावित किसानों को तीन गुना मुआवजा दिलाने की मांग की है।

महाकाल सेना का तर्क है कि आयोजन के दौरान शिविर, टेंट, निर्माण कार्य, गड्ढों और भारी वाहनों की आवाजाही से खेतों की मिट्टी खराब होती है। इससे न केवल एक फसल, बल्कि आगामी तीन वर्षों तक की खेती प्रभावित होती है, क्योंकि जमीन को दोबारा उपजाऊ बनाने में लंबा समय लगता है। सेना ने मांग की है कि इस नुकसान की भरपाई सरकार के बजाय संबंधित अखाड़े स्वयं करें।

### किसानों को अखाड़े से राशि वसूलने अधिकार मिले

इसके साथ ही सरकार की टेंट नीति में बदलाव की मांग करते हुए कहा गया है कि व्यवस्था से बिचौलियों को हटाकर किसानों को अपनी जमीन पर खुद टेंट लगाने और अखाड़ों से सीधे राशि वसूलने का अधिकार मिलना चाहिए। पत्र में यह भी सुझाव दिया गया है कि यदि कोई अखाड़ा मुआवजा देने से इनकार करता है, तो किसान को न्यायालय जाने का अधिकार हो।

# शंकरगढ़ पहाड़ी बनी पर्यावरण की पाठशाला

## झाबुआ के प्रशिक्षु वनरक्षकों ने जाना देवास मॉडल



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**देवास।** कभी खनन, ब्लास्टिंग और डंपरों के शोर से अपनी पहचान खो चुकी देवास की शंकरगढ़ पहाड़ी आज पर्यावरण संरक्षण का आदर्श मॉडल बन गई है। इसी कायाकल्प को समझने के लिए मध्यप्रदेश शासन के वन विभाग के वन विद्यालय, झाबुआ (सामान्य वन मंडल) के 84वें वनरक्षक प्रशिक्षण सत्र के प्रशिक्षु वनरक्षक अध्ययन प्रवास पर शंकरगढ़ पहाड़ी पहुंचे। यहां उन्होंने वन विभाग, प्रशासन और जनभागीदारी से विकसित नगर वन का अवलोकन कर संरक्षण कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान ग्रीन आर्मी के समरजीत जाधव ने प्रशिक्षुओं को पब्लिक पार्टिसिपेशन फॉरेस्ट (जनभागीदारी वन) की अवधारणा और देवास मॉडल की सफलता के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार वन विभाग, सामाजिक संस्थाओं और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से उजड़ी पहाड़ी को हरियाली से आच्छादित करने की दिशा में कार्य किया गया। साथ ही पहाड़ों के संरक्षण और नदियों, तालाबों तथा जंगलों के अस्तित्व में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका से भी अवगत कराया।

### बायो-डायवर्सिटी पार्क की ली जानकारी

प्रशिक्षु वनरक्षकों ने पहाड़ी पर निर्मित वाटर कैचमेंट एरिया, तालाब, गेबियन चेक डैम और कंटूर ट्रेंच का अवलोकन कर जल एवं मृदा संरक्षण की तकनीकें समझीं। इसके साथ ही सघन पौधरोपण, बायो-डायवर्सिटी पार्क और आधुनिक नर्सरी निर्माण के कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। एक समय क्रशर मशीनों और डंपरों की आवाजाही के लिए पहचानी जाने वाली शंकरगढ़ पहाड़ी आज हरियाली और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बन रही है। वन विभाग, तत्कालीन कलेक्टर, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं और जागरूक नागरिकों के संयुक्त प्रयासों से यह बदलाव संभव हुआ। वन विभाग द्वारा इस मॉडल को भावी वनरक्षकों के प्रशिक्षण में शामिल करना देवास के लिए गौरव का विषय है।

# सड़क हादसे में घायल हुए बाइक सवार दंपत्ति



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**शाजापुर।** दांत का इलाज कराने मक्सी जा रहे ग्राम सामगी निवासी दंपत्ति सड़क हादसे का शिकार हो गए। हालांकि हादसे में किसी को गंभीर चोंट नहीं आई। फिलहाल घायलों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

घटना सुबह करीब 11.30 बजे की है। जब उज्जैन जिले के सामगी निवासी सत्यनारायण पिता दुलजीराम अपनी पत्नी गायत्रीबाई के साथ दांत का इलाज कराने मक्सी जा रहे थे। रोजवास टोल टैक्स के पास आगे चल रहे ट्रक ने अचानक मोड़ लिया। इससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों घायल हो गए। हादसे में सत्यनारायण के सिर में चोट आई है, जबकि गायत्रीबाई को सामान्य चोटें आई हैं। जिला अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर मोहित ने बताया कि 1033 एंबुलेंस से दोनों को अस्पताल लाया गया। फिलहाल दोनों की हालत सामान्य है।

# सर्द हवाओं ने बढ़ाई मौसम में ठंड

## अकवान का असर खत्म, उत्तर-पूर्वी हुई हवाओं की दिशा, गर्म कपड़ों व अलाव का सहारा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**शाजापुर।** आंध्र से उठे चक्रवात अकवान का असर खत्म होते ही मौसम पूरी तरह सर्द हो चुका है। जहां पहले सुबह-शाम ही लोगों को ठंडक का एहसास हो रहा था। वहीं अब दिन में भी लोग धूप का आनंद लेते नजर आ रहे हैं। तो सुबह-सवेरे अलाव भी दिखाई देने लगे हैं। मौसम विभाग की माने तो दिसंबर के दो सप्ताह मौसम ऐसा ही रहेगा। इसके बाद तापमान में और गिरावट होने की संभावना है।

अकवान चक्रवात के चलते मौसम में उतार-चढ़ाव हो रहा था। लेकिन दो दिनों से मौसम पूरी तरह बदला नजर आ रहा है। अब सुबह-सवेरे ही नहीं बल्कि दिन में भी सर्द हवाएं लोगों को सर्दी का एहसास करा रही हैं। जिसके चलते लोगों को अब दिनभर गर्म कपड़े राहत दे रहे हैं। तो सुबह-सवेरे काम पर जाने वाले लोग



अलाव का सहारा लेते भी दिखाई दे रहे हैं। गुरुवार को नगर का अधिकतम तापमान 28.1 व न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं पूरे दिन 12 किमी की रफ्तार से उत्तर-पूर्वी हवाएं भी चलती रही जिससे सुबह-शाम ही नहीं बल्कि पूरे दिन नगरवासियों को ठंडक का एहसास होता रहा। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि अभी मौसम ऐसा ही बना रहेगा। इसके बाद तापमान में और गिरावट की संभावना है।

### सुबह-शाम दोनों समय जलने लगे अलाव

सर्दी के मौसम में अलाव से ही सबसे ज्यादा राहत मिलती है। सुबह-सवेरे जल्दी काम पर जाने वाले लोगों को भी अब अलाव की याद आने लगी हैं। हाईवे पर भी बुधवार अलसुबह कुछ लोग अलाव से सर्दी से राहत पाने का प्रयास करते नजर आए। वहीं सैर पर जाने वाले लोग भी अब गर्म कपड़ों के बिना घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

## भामसं का त्रैवार्षिक जिला सम्मेलन 29 को

**देवास।** भारतीय मजदूर संघ जिला देवास का त्रैवार्षिक एक दिवसीय जिला सम्मेलन 29 नवंबर को भारतीय मजदूर संघ कार्यालय देवास में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिला मंत्री महेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि सम्मेलन में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री एवं संभाग प्रभारी बालमुकुन्द पाटीदार की उपस्थिति में आगामी तीन वर्षों के लिए नवीन जिला कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न होगा। सम्मेलन में भारतीय मजदूर संघ की समस्त जिला कार्यसमिति, संबद्ध यूनियनों के अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष सहित देवास में निवासरत भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय एवं प्रदेश पदाधिकारी तथा कार्यसमिति सदस्य उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही महासंघों के अखिल भारतीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्यों की उपस्थिति भी अनिवार्य रूप से अपेक्षित की गई है। जिला मंत्री परिहार ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से सम्मेलन में उपस्थित होकर निर्वाचन प्रक्रिया को विधि अनुसार संपन्न करानें की अपील की है।

# मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह योजना में दो महिलाओं का पुनर्विवाह

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**देवास।** सामाजिक सरोकारों एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्यरत करुणामय कृपा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य से मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह योजना के अंतर्गत दो पुनर्विवाह समारोह आयोजित किए गए।

इस अवसर पर प्रथम विवाह में वधू कमला महंत एवं वर गणेश सिंह तथा द्वितीय विवाह में वधू सुषमा चौधरी एवं वर दिनेश गुर्जर परिणय सूत्र में बंधे। विवाह समारोह दोपहर 1 बजे देवास के केला देवी चौराहा, रिंग्स होटल के सामने, दीप टावर के पीछे मंदिर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर संपन्न हुआ।

### संस्था का उद्देश्य विधवा जीवन जीने का अवसर प्रदान करना

कार्यक्रम के दौरान संस्था की अध्यक्ष आरती सिंह, सचिव शेर सिंह राजपूत ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना, वहीं उन्हें सामाजिक सुरक्षा एवं पुनर्वास की दिशा में सहयोग देना तथा पुनर्विवाह के माध्यम से उनके जीवन में नई खुशियां लाना भी है। कार्यक्रम में धनसिंह राजपूत, शिव सागर चौहान, हरपाल सिंह भाटी, पुखराज सिंह राजपूत, महेंद्र सिंह राजपूत, राधा बाई शर्मा, शिवसिंह चावड़ा एवं पंडित कमलेश शर्मा का विशेष सहयोग एवं सहभागिता रही। संस्था द्वारा इस पहल के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया कि पुनर्विवाह कोई संकोच का विषय नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है। संस्था ने समाज के सभी लोगों से अपील की कि वे विधवा एवं तलाकशुदा महिलाओं के पुनर्विवाह को प्रोत्साहित करें और इस सकारात्मक सामाजिक बदलाव में सहभागी बनें।



**आयोजन** | किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह

# किसान मोर्चा में है अपार संभावनाएं: पांडे

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**शाजापुर।** कोई पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ में है तो वह अजा में काम नहीं कर सकता। कोई युवा मोर्चा में है तो उसके कार्य क्षेत्र की भी सीमा है, लेकिन किसान मोर्चा ऐसा वर्ग है जिसका पदाधिकारी या कार्यकर्ता हर जगह अपनी उपयोगिता साबित कर सकता है। किसान मोर्चा में अपार संभावनाएं हैं। आप लोगों को यह सुअवसर मिला है जिसमें आप को कार्य करने का मौका मिला है।

यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज कोई सर्विस में है, कोई किसी प्रकार के व्यवसाय से जुड़ा है



लेकिन उसकी पृष्ठभूमि कहीं न कहीं किसान की ही रहती है। हम सभी किसान परिवार से आते हैं। इसलिए हम किसानों की और आमजनों की परेशानी और उनकी आवश्यकताओं को जानते हैं। आज जनता का विश्वास भाजपा में बना है जिसे बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और मेरा विश्वास है आप लोग इसमें खरे उतरेंगे। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राधेश्याम जाट, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे, भाजपा अजा मोर्चा के सुनील मालवीय सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मुकेशसिंह बैस, हरदेश मेवाड़ा ने किया तथा आभार जिला उपाध्यक्ष चांदसिंह राजपूत ने माना।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों को किया सम्मानित

जिला मीडिया प्रभारी पं. गोविंद शर्मा ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे द्वारा भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सुखराम धाकड़, प्रकाश चौधरी, दीपक पटेल, जिला मंत्री अनिल पटेल, मुकेश पाटीदार, प्रहलादसिंह गुर्जर, कमलकिशोर शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष बलराम चौधरी, जिला सह कोषाध्यक्ष महेंद्रसिंह परमार, जिला कार्यालय मंत्री उमाकांत धारिया, जिला सह. कर्यालय मंत्री घनश्याम पाटीदार, जिला मीडिया प्रभारी पं. गोविंद शर्मा, जिला सह. मीडिया प्रभारी विनोद तोमर, जिला सोशल मीडिया प्रभारी भगवानसिंह पाटीदार, जिला आईटीसेल प्रभारी मुकेश परमार, जिला आईटीसेल सह प्रभारी पंकज पाटीदार, जिला मन की बात प्रभारी हेमंत मेवाड़ा, जिला मन की बात सह प्रभारी महेंद्र परमार, जिला प्राकृतिक कृषि प्रभारी ब्रह्मानंद गोठी, जिला प्राकृतिक कृषि सह प्रभारी देवेंद्र परमार, शासन की योजना प्रचार-प्रसार प्रभारी भेरूलाल कैलवा, योजना प्रचार-प्रसार सह प्रभारी बलरामसिंह डोडिया, जिला प्रशिक्षण प्रभारी माखनसिंह यादव, जिला प्रशिक्षण सह प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर, जिला नीतिशोध प्रभारी कैलाश पाटीदार, जिला नीतिशोध सह प्रभारी देवनारायण राजपूत, जिला लाभार्थी संपर्क प्रभारी मानसिंह राजपूत, जिला लाभार्थी संपर्क सह प्रभारी जसमत सिंह को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी।

# नृत्य, गीत, लघु नाटिकाएँ एवं मूक अभिनय ने मोह लिया मन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**देवास।** जिले के होली ट्रिनिटी स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन अत्यंत उत्साह, उमंग एवं भव्यता के साथ किया गया। वार्षिकोत्सव का मुख्य विषय आत्मबोध (अपनी जड़ों से जुड़ाव) रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बिशप थॉमस मैथ्यू बिशप, इंदौर धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष एवं होली ट्रिनिटी स्कूल के अध्यक्ष रहे। समारोह में कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान में पारंपरिक भारतीय स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

शिक्षक रामेश्वर पांडे ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यालय के




विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इनमें नृत्य, गीत, लघु नाटिकाएँ एवं मूक अभिनय (माइम) जैसी मनमोहक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं।

### विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

कार्यक्रम का आयोजन मैनेजर फादर चेरियन एवं प्राचार्य फादर केरॉल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की सम्पूर्ण योजना का दायित्व उपप्राचार्या सिस्टर रेबेका ने वार्षिकोत्सव आयोजन समिति के साथ मिलकर कुशलतापूर्वक निभाया। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम के मुख्य विषय के महत्व से परिचित कराया तथा उन्हें निरंतर प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया। इस दौरान बताया गया कि यह समारोह न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्सव था, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कारों और गौरवशाली परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुँचाने का एक सार्थक प्रयास भी रहा।

### चाय की दुकानें या युवाओं के 'मिलन केंद्र'?

# गुना में ठेका, चस्का और कैफे के नाम पर तेजी से बढ़ रहा केबिन कल्चर...!

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**गुना।** शहर में इन दिनों चाय की दुकानों और कैफे की बाढ़ सी आ गई है। प्रमुख बाजारों से लेकर कॉलोनियों और दूर-दराज के इलाकों तक चाय-कॉफी के नए ठिकाने खुलते जा रहे हैं। इन दुकानों पर सुबह से देर रात तक युवाओं का जमावड़ा लगा रहता है। चाय की चुस्की और दोस्तों के साथ गपशप तक तो ठीक है, लेकिन कुछ स्थानों पर बढ़ती भीड़, विवाद और पर्दे वाले केबिनों का चलन अब चर्चा का विषय बनता जा रहा है।

दिलचस्प बात यह है कि दुकानों के नाम भी युवाओं को आकर्षित करने वाले रखे जा रहे हैं। कहीं 'ठेका' तो कहीं 'चस्का' और 'देशी ठाठ' जैसे नामों से चाय की दुकानें संचालित हो रही हैं। इन नामों और दुकानों की सजावट के जरिए युवाओं को आकर्षित करने की कोशिश की जा रही है। शहर में कई चाय की दुकानों पर दिनभर युवाओं की भीड़ रहती है, लेकिन रात होते ही कुछ स्थानों पर जमावड़ा और बढ़ जाता है। इसी दौरान युवाओं के बीच कहासुनी और विवाद की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। कैंट रोड स्थित एक दुकान पर बीते समय में एक महीने के भीतर दो बार युवाओं के समूहों के बीच मारपीट होने की घटना चर्चा में रही। ऐसे मामलों ने इन स्थानों पर सुरक्षा और निगरानी की जरूरत को रेखांकित किया है।

#### कैफे के नाम पर पर्दे वाले केबिन, कौन रखेगा नजर?

चाय की दुकानों के अलावा कॉफी कैफे और छोटे रेस्टोरेंट के रूप में भी कई नए प्रतिष्ठान सामने आए हैं। हालांकि, इन केबिनों में होने वाली गतिविधियों को लेकर सार्वजनिक स्तर पर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में प्रतिष्ठानों के संचालन और सुरक्षा व्यवस्था की जांच जरूरी हो जाती है। हाट रोड,




जगदीश कॉलोनी, न्यू टेकरी रोड, शास्त्री पार्क, एबी रोड और उत्कृष्ट विद्यालय के आसपास ऐसे कई प्रतिष्ठान संचालित होने की बात सामने आती रही है।

#### गेमिंग जोन की व्यवस्थाओं पर सवाल

यह चलन केवल छोटी चाय दुकानों और कैफे तक सीमित नहीं है। शहर में कुछ बड़े होटल, रेस्टोरेंट और मनोरंजन केंद्र भी अपनी अलग तरह की सुविधाओं के कारण चर्चा में रहते हैं। चांदशाहवली दरगाह के पास स्थित एक बड़े गेमिंग जोन में आधुनिक शैली में झोपड़ीनुमा ढांचे बनाए जाने की बात सामने आई है।

#### कारोबार के साथ जिम्मेदारी भी जरूरी

शहर में नए कैफे, चाय दुकानें और मनोरंजन केंद्र खुलना रोजगार और कारोबार के लिहाज से अच्छी बात है। युवाओं को बैठने और दोस्तों के साथ समय बिताने के स्थान मिलना भी स्वाभाविक है। लेकिन इन प्रतिष्ठानों का संचालन निर्धारित नियमों और सुरक्षा मानकों के अनुरूप होना चाहिए। प्रशासन और पुलिस के सामने भी यह चुनौती है कि व्यवसायिक गतिविधियों की आड़ में किसी तरह की अव्यवस्था या कानून का उल्लंघन न हो। खासकर देर रात तक संचालित होने वाले प्रतिष्ठानों, निजी केबिनों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नियमित निगरानी की जरूरत है। सवाल यह है कि गुना में तेजी से बढ़ते इस कैफे और केबिन कल्चर के बीच कारोबारियों की जिम्मेदारी और प्रशासन की निगरानी कितनी प्रभावी है? ये नए ठिकाने विवादों के बजाय सकारात्मक माहौल का हिस्सा बन सकते हैं।

#### स्पा भी संदेह के घेरे में

इसी तरह गुना में एक के बाद एक खुलते जा रहे स्पा भी संदेह के घेरे में हैं।

एक जानकारी के मुताबिक गुना में अब तक आधा दर्जर से ज्यादा स्पा खुल चुके हैं। अनुराधा गली की एक दुकान में संचालित स्पा पर जब पुलिस ने छापामार कार्रवाई की थी तो कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद होने की खबर सामने आई थी। इतना ही नहीं एक नाबालिग लड़की भी मिलने सुगबुगाहट हुई थी। कुल मिलाकर महानगरों की तर्ज पर जिस तरह स्पा सेंटर खुल रहे हैं, उनमें कहीं अनैतिक गतिविधियां तो नहीं हो रही हैं। यह भी जांच का विषय बन गया है।

#### इनका कहना है

पुलिस टीम से निरीक्षण करवाएंगे। अगर कहीं अनैतिक गतिविधियां पाई जाएंगी तो कार्रवाई करेंगे।

**-प्रशांत सुमन, एडिशनल एसपी, गुना**

# पाटनी कॉलोनी में दो महीने से पेयजल संकट

### महिलाओं ने पीएचई दफ्तर पहुंचकर जताया आक्रोश



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**गुना।** वार्ड क्रमांक 19 स्थित पाटनी कॉलोनी के रहवासियों ने पेयजल समस्या को लेकर पीएचई कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया। रहवासियों के अनुसार करीब दो महीनों से कॉलोनी में पानी की किल्लत बनी हुई है, जबकि आसपास के कुशमौदा क्षेत्र में पानी की सप्लाई हो रही है। समस्या को लेकर महिलाओं में खासा आक्रोश देखा गया। महिलाओं का कहना रहा कि वह पानी के लिए काफी परेशान हो रही है।

रहवासियों का कहना है कि पेयजल सप्लाई का समय तय नहीं है और कर्मचारियों द्वारा हर बार अलग-अलग बहाने बनाए जाते हैं। कभी मोटर जलने का हवाला दिया जाता है तो कभी बिजली कटौती का बहाना किया जाता है। महिलाओं ने बताया कि नलों में पानी नहीं आने के कारण उन्हें मजबूरी में एक मंदिर परिसर में लगे हैंडपंप से पानी ढोकर घरों तक लाना पड़ रहा है, जिससे रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि ऑपरेटर सप्लाई चालू करने की बात कहते हैं, लेकिन हकीकत में घरों के नलों से पानी नहीं पहुंच रहा है। कॉलोनीवासियों ने विभाग से नियमित और समय पर पेयजल प्रदाय करने की मांग की है।

# 9 पीड़ितों के खाते में लौटे 84 हजार से ज्यादा रुपए

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार लोगों के लिए राहत भरी खबर है। गुना पुलिस की साइबर सेल टीम ने तकनीकी कार्रवाई और बैंकों के तालमेल से 9 पीड़ितों को कुल 84,105 रुपए वापस दिलाए हैं।

पुलिस अधीक्षक हितिका वासल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन में साइबर ठगी के मामलों में तेजी से कार्रवाई की जा रही है। शिकायतें मिलने पर साइबर सेल टीम उन बैंक खातों का पता लगाती है, जिनमें ठगी की रकम भेजी गई थी। इसके बाद ठउफढ पोर्टल की टफट प्रक्रिया के जरिए संबंधित खातों में राशि होल्ड कराई जाती है, ताकि ठग रकम को आगे न निकाल सकें। बैंकिंग संस्थानों से समन्वय और तय प्रक्रिया पूरी होने के बाद यश श्रीमन, विजेन्द्र गुप्ता, मुकेश जैन, शुभम जैन, शब्बीर रईन, नीरज अहिरवार, राकेश कुशवाह, मिंटूलाल मीना और सुनील यादव के खातों में कुल 84,105 रुपये वापस पहुंच गए हैं। इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी जुबेर खान के नेतृत्व में आरक्षक कुलदीप यादव, कुलदीप भदौरिया, भूपेन्द्र खटीक, अभय रघुवंशी और महिला आरक्षक पूजा गुप्ता की भूमिका रही। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऑनलाइन ठगी होते ही तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 को सूचना दें।

# अशोकनगर पुलिस ने मनाया संविधान दिवस

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**अशोकनगर।** संविधान दिवस के अवसर पर जिले में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में समस्त पुलिस कार्यालयों एवं थानों में भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कराया।

इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों ने संविधान में समाहित न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता



के मूल आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा संवैधानिक मूल्यों एवं लोकतांत्रिक मयार्दाओं का अक्षरशः पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय राजू सिंह बघेल समेत पुलिस कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

#### सामूहिक रूप से उद्देशिका का वाचन किया

जिला मुख्यालय के साथ-साथ जिले के सभी थानों और अन्य पुलिस कार्यालयों में भी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से उद्देशिका का वाचन किया। इस आयोजन के माध्यम से अशोकनगर पुलिस ने संविधान के प्रति सम्मान, अपने कर्तव्यों के निष्ठापूर्ण निर्वहन और संवैधानिक मयार्दाओं को बनाए रखने का सकारात्मक संदेश दिया। वाचन के दौरान 'हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए...' उद्घोष के साथ नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा व अवसर की समता तथा व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता व अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के संकल्प को दोहराया गया।

# आरोन में ब्लॉक कांग्रेस ने मनाया संविधान दिवस

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**गुना।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आरोन स्थित अंबेडकर पार्क में संविधान दिवस मनाया गया। कांग्रेसजनों एवं जनप्रतिनिधियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान बाबा साहब अमर रहें और संविधान दिवस जिंदाबाद के नारे गूंजे।

कार्यक्रम का संचालन ओमवीर सिंह रघुवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है तथा इसकी मूल भावना का सम्मान करना सभी का कर्तव्य है। नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन ने कहा कि संविधान लोकतंत्र की मजबूत नींव है और बाबा साहब का योगदान अविस्मरणीय है, हमें अधिकारों के साथ संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने कहा कि संविधान ने हर वर्ग को समान अधिकार और सम्मान दिया है तथा वंचितों के लिए बाबा साहब का संघर्ष प्रेरणादायक है, इसलिए संविधान की रक्षा के लिए सजग रहना चाहिए। अंत में योगेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस सचिव एवं ग्रामीण प्रभारी शिवकुमार उपरिंग मौजूद रहे।

# एहसान पारदी का वीडियो वायरल बोला-दादा मुझे जिंदा नहीं छोड़ेगा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**गुना।** नेशनल हाईवे-46 पर बाइक की टक्कर में जान गंवाने वाले 36 वर्षीय एहसान पारदी की मौत ने अब नया मोड़ ले लिया है। 26 नवंबर को दोपहर एक बजे सामने आए एक वीडियो ने इस सड़क हादसे को संदेह के घेरे में ला खड़ा किया है। सितंबर माह का बताया जा रहा यह वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एहसान अपनी हत्या की आशंका जताते हुए साफ कह रहा है कि 'दादा मुझे जिंदा नहीं छोड़ेगा।'

पत्नी पारो बाई के अनुसार, 23 नवंबर को दोपहर 12 बजे एहसान पारदी रुठियाई से गुना लौट रहा था, तभी पीछे से आए बाइक सवार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। गंभीर घायल एहसान ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया था। एहसान पांच दिन पहले ही राजस्थान की पाली जेल से छूटकर गुना लौटा था, जहां 9 सितंबर को चोरी के प्रयास में उसे पकड़ा गया था। उस पर गुना सहित कई राज्यों में 20 से ज्यादा केस दर्ज थे, जिनमें अकेले गुना में हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, चोरी और लूट के 19 मामले शामिल हैं। वायरल वीडियो में एहसान ने एक व्यक्ति पर खुद से गलत काम कराने और 'दादा' पर चंदन की लकड़ी व नशीले पदार्थों के धंधे के आरोप लगाए हैं। उसने दावा किया कि दादा ने अमीन पारदी पर तीन गोलियां चलाई थीं।

# संविधान के आदर्शों पर चलने का संकल्प

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**अशोकनगर।** स्थानीय भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को संविधान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान निमार्ताओं के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया और उपस्थित कार्यकताओं ने संविधान के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एससी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कलावत ने कहा कि भारतीय संविधान नागरिकों को मौलिक अधिकारों के प्रयोग का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि



26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकृत किया गया था।

#### अधिकारों की बात नहीं कर कर्तव्यों का पालन भी करें

पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रविंद्र लोधी ने उपस्थित जन को संकल्प दिलाते हुए कहा कि न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के मूल्यों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। हमें केवल अधिकारों की बात नहीं करनी चाहिए, बल्कि मौलिक कर्तव्यों का पालन भी करना होगा। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर, महिला और युवाओं को सम्मान व समान अवसर देकर बाबा साहब के सपनों का भारत गढ़ने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।पूर्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिल रघुवंशी ने कहा कि संविधान मात्र एक ग्रंथ नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। सभी ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यालय मंत्री मुकेश पाल ने किया और आभार एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश पंथी ने माना। कार्यक्रम के उपरांत एससी मोर्चा पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, जिला मंत्री सोना कोली, जिला उपाध्यक्ष अनीता जैन, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मवीर रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष लखन रघुवंशी, जिला मंत्री दयाशंकर कुशवाहा, प्रांजल जैन, बबलू यादव, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. हरवीर रघुवंशी, विकास रघुवंशी, सोनू रघुवंशी, मयंक भार्गव, इस्माइल कुरैशी, अभय कलावत, रविंद्र यादव मौजूद रहे।

# खेल का मैदान है या सेप्टी टैंक?

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**गुना।** स्वच्छता और खेल को बढ़ावा देने के दावों के बीच गुना रेलवे स्टेशन के पास स्थित रेल ग्राउंड की बदहाली सामने आई है। मैदान के भीतर बने स्टेशन के शौचालय का सेप्टी टैंक ओवरफ्लो होने से गंदा पानी और मल-मूत्र मैदान में फैल रहा है, जिससे बदबू और बीमारी का खतरा मंडरा रहा है। यह ग्राउंड रेलवे कॉलोनी के बच्चों के खेलने और सुबह बुजुर्गों के टहलने का प्रमुख ठिकाना है, लेकिन गंदगी ने दोनों की परेशानी बढ़ा दी है।

परेशान बच्चों ने पूर्व जेडआरयूसीसी सदस्य सुनील आचार्य को मौके पर बुलाकर हालात दिखाए। बच्चों ने बताया कि खेलते वक्त उनकी गेंद कई बार गंदगी और मल-मूत्र में गिर जाती है, जिसे उठाने में उन्हें भारी दिक्कत होती है। सुनील आचार्य ने रेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पूछा कि आखिर बच्चों के खेल मैदान और बुजुर्गों के टहलने की जगह में शौचालय का सेप्टी टैंक क्यों बनाया गया और ओवरफ्लो होने पर अब तक समाधान क्यों नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि यह मामला बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है, जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। आचार्य ने टैंक की तत्काल मरम्मत कर ओवरफ्लो रोकने या इसे अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मासूम बच्चे कब तक लापरवाही का खामियाजा भुगतेंगे।

# पांच रुपए में भोजन की व्यवस्था

### जगह की कमी के बावजूद किसानों को मंडी में मिल रहीं बेहतर सुविधाएं

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**बीनागंज।** कृषि उपज मंडी में फसल की आवक बढ़ने के साथ किसानों की सुविधाओं को लेकर मंडी प्रशासन ने व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। मंडी परिसर में जगह की सीमित उपलब्धता के बावजूद किसानों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंडी समिति बीना गंज के संवाददाता द्वारा किए गए निरीक्षण में किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी सामने आई है।

मंडी परिसर में किसानों के लिए टिन शेड, पीने के साफ पानी की व्यवस्था, वाटर कूलर, स्वच्छ शौचालय, किसान विश्राम गृह और पेयजल की टंकी उपलब्ध



कराई गई है। इसके अलावा चलित प्याऊ, लाइट और अस्थायी यूरिनल की व्यवस्था भी की गई है। किसानों के भोजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ कैंटीन में मात्र 5 रुपए में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मंडी प्रशासन ने रिकॉर्ड आवक के बावजूद व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने का प्रयास किया है। इसके चलते किसान अपनी उपज बेचकर उसी दिन घर लौट पा रहे हैं और उन्हें रात रुकने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। मंडी सचिव धनसिंह धाकड़ के अनुसार, भारसाधक अधिकारी के मार्गदर्शन में किसानों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई हैं। फसल सीजन में आवक अधिक होने से कुछ व्यावहारिक परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन किसानों को असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मंडी प्रशासन की इन व्यवस्थाओं से किसानों को फसल बिक्री के दौरान राहत मिलने की उम्मीद है।

# रामलीला में सामाजिक समरसता का संदेश : मिश्रा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**अशोकनगर।** श्री राम सिद्ध कला परिषद द्वारा आयोजित भव्य रामलीला मंचन के दौरान सकल हिंदू समाज के पदाधिकारियों द्वारा भगवान श्रीराम की आरती एवं पूजन किया गया। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने भगवान श्रीराम के आदर्शों, मयार्दा और सामाजिक समरसता पर अपने विचार व्यक्त किए।

डॉ. दीपक मिश्रा ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे आराध्य हैं। सुबह जागने से लेकर रात्रि में सोने तक और जन्म से लेकर मृत्यु तक भारतीय संस्कृति और हमारे जीवन में प्रभु श्रीराम का विशेष स्थान है। भगवान श्रीराम केवल हमारे आराध्य ही नहीं,



बल्कि हमारे जीवन के आदर्श और मार्गदर्शक भी हैं। ऐसे मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीला का दर्शन करने और उनकी आरती करने का सौभाग्य प्राप्त होना हम सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि रामलीला हमें केवल भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का दर्शन ही नहीं कराती, बल्कि समाज को एकता, प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश भी देती है। भगवान श्रीराम ने माता शबरी के प्रेमपूर्वक दिए हुए बेर ग्रहण किए और निषादराज गुह तथा केवट को सम्मान और आत्मीयता दी। उन्होंने कभी किसी के साथ ऊंच-नीच अथवा भेदभाव नहीं किया। भगवान श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि समाज में कोई छोटा-बड़ा नहीं होता।

#### एक साथ रहना चाहिए

मिश्रा ने कहा कि हम सभी को जाति-पाति और भेदभाव से ऊपर उठकर एक साथ रहना चाहिए। यही राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना है। डॉ. मिश्रा ने आगे कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि आज अपनी आंखों से भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में निर्मित भव्य एवं दिव्य श्रीराम मंदिर के दर्शन कर पा रहे हैं। इस पावन मंदिर के निर्माण के लिए हमारी अनेक पीढ़ियों ने लगभग 500 वर्षों तक संघर्ष और प्रतीक्षा की है। यह हमारे लिए आस्था, श्रद्धा और सांस्कृतिक गौरव का ऐतिहासिक क्षण है।इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, जिला अध्यक्ष दिनेश जैन, जिला उपाध्यक्ष विकास जैन (बल्ली), नगर अध्यक्ष सहित श्री राम सिद्ध कला परिषद के रामलीला निर्देशक अनिल शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. दीपक मिश्रा ने रामलीला के निर्देशक अनिल शर्मा, संचालक पीयूष पाराशर, ऋषि त्रिपाठी सहित रामलीला का मंचन करने वाले सभी कलाकारों एवं पूरी आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की लीलाओं को इतने सुंदर और प्रभावशाली ढंग से समाज के बीच प्रस्तुत करना अत्यंत सराहनीय कार्य है। आप सभी राम के आदर्शों और भारतीय संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक- जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) 452011 से प्रकाशित। संपादक-राघवेंद्र*।
आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117, फोन- 0731 3144237, मो. 83570 89000, Email-mradubhashi.news@gmail.com। समाचार चयन के लिए पीआरपी एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)